


'भारतीय जहाजों पर हमले बर्दाश्त नहीं', ट्रंप बोले- होर्मुज में ईरान कर रहा ड्रोन अटैक

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्ष: 20 अंक: 164 पृष्ठ: 12
RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com
राष्ट्रीय संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# केंद्र सरकार ने पेट्रोल पंपों से थोक औद्योगिक पेट्रोल-डीजल की खरीद पर लगाई रोक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और ईंधन आपूर्ति को लेकर संभावित चुनौतियों के बीच केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अहम कदम उठाया है। सरकार ने औद्योगिक, वाणिज्यिक और संस्थागत उपभोक्ताओं द्वारा पेट्रोल पंपों से पेट्रोल-डीजल की खरीद पर अस्थायी रोक लगा दी है। अब ऐसे उपभोक्ताओं को अपनी जरूरत का ईंधन थोक बिक्री केंद्रों अथवा निर्धारित उपभोक्ता पंपों से ही लेना होगा। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 11 जून को ह्यमोटर स्पिरिट एंड हाई स्पीड डीजल (रिटेल आउटलेट्स के माध्यम से आपूर्ति का अस्थायी विनियमन) आदेश, 2026ह्व जारी किया है। इस आदेश के तहत खुदरा पेट्रोल पंपों से थोक स्तर पर ईंधन खरीदने पर अधिकतम 90 दिनों तक रोक लगाने का प्रावधान किया गया है। मंत्रालय के अनुसार यह निर्णय देशभर में पेट्रोल और डीजल की समान उपलब्धता सुनिश्चित करने, जमाखोरी की आशंका को रोकने और निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है। मंत्रालय की ओर से




जारी आदेश में कहा गया है कि हाल के दिनों में कुछ क्षेत्रों में, विशेषकर डीजल की मांग में असामान्य वृद्धि देखी गई है। कीमतों में अंतर का लाभ उठाने के लिए कई थोक उपभोक्ताओं ने थोक बिक्री केंद्रों के बजाय खुदरा पेट्रोल पंपों से ईंधन खरीदना शुरू कर दिया था। इससे खुदरा आपूर्ति प्रणाली पर अतिरिक्त दबाव पड़ने की आशंका उत्पन्न हो गई थी। नए नियमों के तहत औद्योगिक इकाइयों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और संस्थागत उपभोक्ताओं को अब पेट्रोल पंपों से सीधे ईंधन खरीदने की अनुमति नहीं होगी। उन्हें अधिकृत थोक आपूर्ति चैनलों अथवा अपने उपभोक्ता पंपों के माध्यम से ही ईंधन प्राप्त करना होगा। सरकार के इस निर्णय के पीछे खुदरा और थोक कीमतों के बीच का बड़ा अंतर भी एक प्रमुख कारण माना जा रहा है। उदाहरण के तौर पर नई दिल्ली में खुदरा पेट्रोल पंपों पर डीजल की कीमत 95.20 रुपये प्रति लीटर है, जबकि थोक बिक्री के लिए इसकी कीमत 134.50 रुपये प्रति लीटर है। इस मूल्य अंतर के कारण कई उपभोक्ता थोक आवश्यकता होने के बावजूद खुदरा पंपों से ईंधन खरीदने लगे थे।

## फास्ट न्यूज

### विदेशी मुद्रा भंडार 71.1 करोड़ डॉलर घटकर 681.61 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच आर्थिक मोर्चे पर झटका लगने वाली खबर है। लगातार तीसरे हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट दर्ज हुई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच जून को समाप्त हफ्ते में 71.1 करोड़ डॉलर घटकर 681.61 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि पांच जून को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 681.61 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 93.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 682.32 अरब डॉलर रहा था। आरबीआई आंकड़ों के मुताबिक पांच जून को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 270.4 करोड़ डॉलर घटकर 543.44 अरब डॉलर रह गईं। हालांकि, इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.97 अरब डॉलर बढ़कर 114.57 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### पश्चिम एशिया में शांति होने की उम्मीद से कच्चे तेल में नरमी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव को खत्म करने के लिए ईरान और अमेरिका के बीच कई मुद्दों पर सहमति बन जाने की खबर के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज कच्चे तेल की कीमत में जबरदस्त गिरावट का रुख बन गया।

### पूर्व निशानेबाज और कोच जसपाल राणा का निधन

**नई दिल्ली।** पूर्व निशानेबाज और कोच जसपाल राणा का शुक्रवार को दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 49 साल के थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जसपाल राणा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनका निधन भारतीय खेल जगत के लिए एक अपार क्षति है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा, जसपाल राणा जी के निधन से हम अत्यंत दुखी हैं। उनका निधन भारतीय खेल जगत के लिए एक गहरा दुखद अनुभव है।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यात्रा के सुचारु संचालन के लिए व्यापक निर्देश दिए

# अमरनाथ यात्रा: गृह मंत्री शाह ने तैयारियों की समीक्षा की

**समीक्षा**

अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं की सर्वोच्च सुरक्षा और यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा करते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यात्रा के सुचारु संचालन के लिए व्यापक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं की सर्वोच्च सुरक्षा और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

गृहमंत्री शाह ने यहां उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि यात्रा मार्ग पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के समन्वित प्रयासों से बहुस्तरीय एवं अभेद्य सुरक्षा ग्रिड स्थापित किया जाए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए ड्रोन, सीसीटीवी निगरानी, सर्विलांस सिस्टम तथा अन्य आधुनिक तकनीकों के व्यापक उपयोग पर जोर दिया। शाह ने कहा कि यात्रा के दौरान विभिन्न केंद्रीय बलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी शिविर स्थलों तथा यात्रा मार्ग पर व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी करें। साथ ही श्रद्धालुओं के पंजीकरण, आवास, स्वास्थ्य सेवाओं, संचार व्यवस्था और आपदा प्रबंधन से जुड़ी सभी आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में यात्रा से जुड़े स्थानीय लोगों और पशुओं के पंजीकरण पर भी विशेष बल दिया गया।

निर्देश दिए गए कि संबंधित व्यक्तियों को क्यूआर कोड युक्त पहचान पत्र जारी किए जाएं तथा यात्रा में उपयोग किए जाने वाले पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष शिविर लगाए जाएं। गृह मंत्री ने अधिकारियों को मौसम की स्थिति और पूर्वानुमान के आधार पर ही श्रद्धालुओं के जत्थों को आगे बढ़ाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि यात्रा मार्ग के अलावा जम्मू-कश्मीर के अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालु और पर्यटक सुरक्षित वातावरण में यात्रा और पर्यटन का आनंद ले सकें।

बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना प्रमुख, सीआरपीएफ के महानिदेशक तथा गृह मंत्रालय, सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि हर वर्ष आयोजित होने वाली अमरनाथ यात्रा में देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं, जिसके मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाते हैं।




### नीट यूजी रीएग्जाम 3:15 घंटे का होगा:4 रफ वर्क शीट मिलेंगी, गाइडलाइंस जारी

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने नीट यूजी रीएग्जाम में कुछ बदलाव किए हैं। नए नोटिस के तहत, परीक्षा का समय अब 180 मिनट से बढ़ाकर 195 मिनट कर दिया गया है। इसके अलावा आंसर शीट में रफ वर्क के लिए भी जगह बढ़ाई गई है।

नीट यूजी 2026 इस साल पेपर लीक के चलते रद्द कर दिया गया था। रीएग्जाम अब 21 जून को आयोजित किया जाना है जिसे लेकर नए बदलाव किए गए हैं। नीट यूजी परीक्षा 3 मई 2026 को हुई थी, लेकिन पेपर लीक के आरोपों के बाद 12 मई को एनटीए ने इसे रद्द कर दिया। मामले की जांच सीबीआई कर रही है और अब 21 जून 2026 को दोबारा परीक्षा होगी।

**लॉकडाउन में रहेंगे पेपर सेटर्स**

एग्जाम होने तक पेपर सेटर्स को कड़े प्रतिबंध का पालन करना होगा। उन्हें 21 जून तक लॉकडाउन में रखा जाएगा ताकि पेपर लीक होने की आशंका न रहे। एग्जाम आयोजन के लिए देश भर के 551 शहर और विदेशों में 14 शहरों को चुना गया है अधिकारियों के अनुसार एग्जाम से संबंधित सभी काम जैसे प्रश्नों की सेटिंग, ट्रांसलेशन, प्रिंटिंग, पैकेजिंग, स्टोरेज से लेकर ट्रांसपोर्टेशन और डिस्ट्रिब्यूशन की कड़ी निगरानी रखी जा रही है।



तेलंगाना के हैदराबाद स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल), डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम मिसाइल परिसर में उन्नत हथियार प्रणाली परिसर के उद्घाटन अवसर पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

### 'भारत इनोवेट्स' से वैश्विक मंच पर पहुंचेगा भारतीय नवाचार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को भारत इनोवेट्स पहल के तहत दो रणनीतिक दस्तावेज जारी किए, जिनमें देश के उभरते स्टार्टअप और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पहल नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के उस लक्ष्य को आगे बढ़ाती है, जिसके तहत भारत को ज्ञान के उपभोक्ता देश से ज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी के सृजनकर्ता देश में बदलना है। इस अवसर पर भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद, उच्च शिक्षा सचिव डॉ. विनीत जोशी, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार, नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के मिशन निदेशक दीपक बागला तथा शिक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। नवाचार-आधारित विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## खुदरा महंगाई दर मई महीने में बढ़कर 3.93 फीसदी पर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश में खुदरा महंगाई की रफ्तार एक बार फिर बढ़ गई है। मई में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.93 फीसदी हो गई है। इससे पिछले महीने अप्रैल में यह 3.48 फीसदी रही थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि सीपीआई पर आधारित खुदरा महंगाई दर में ये वृद्धि मुख्य रूप से खाद्य कीमतों और सब्जियों, विशेषकर टमाटरों की बढ़ती कीमतों के कारण हुई है। पिछले 5 महीनों में ये पहली बार है जब खुदरा महंगाई रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के मीडियम-टर्म टारगेट चार फीसदी के बेहद करीब पहुंच गई है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के



अनुसार खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण मई में सीपीआई आधारित खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.93 रही। इससे पिछले महीने अप्रैल में यह 3.48 फीसदी थी। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार खाद्य वस्तुओं की महंगाई मई में बढ़कर 4.78 फीसदी हो गई, जो अप्रैल में 4.20 फीसदी रही थी। खास बात यह है कि शहरों के मुकाबले ग्रामीण भारत में खाद्य महंगाई दर ज्यादा रही। मई में ग्रामीण इलाकों में खाद्य पदार्थों की महंगाई 4.85 फीसदी दर्ज किया गया।

### मोदी और मैक्रों 14 जून को फ्रांस में करेंगे 'भारत इनोवेट्स का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 14 जून को फ्रांस के नीस में भारत इनोवेट्स 2026 का संयुक्त रूप से उद्घाटन करेंगे। शिक्षा मंत्रालय की इस पहल का उद्देश्य भारत के डीप-टेक स्टार्टअप, नवाचार और अनुसंधान क्षमता को वैश्विक निवेशकों तथा उद्योग जगत के सामने प्रस्तुत करना है। शिक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि कार्यक्रम में भारत के 120 नवप्रवर्तक, 15 से अधिक उच्च शिक्षण संस्थान, 500 से अधिक निवेशक, प्रमुख कॉरपोरेट कंपनियां, वेंचर कैपिटल फर्म, वैश्विक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और उद्योग जगत के नेता भाग लेंगे। इसमें एडवांस्ड कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, जैव-प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा और विनिर्माण सहित 13 प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## नामांकन रद्द होने के खिलाफ मीनाक्षी की याचिका खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन की मध्यप्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्र खारिज करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने कहा कि नामांकन पत्र खारिज करने को चुनौती देने वाली याचिका पर न तो उच्च न्यायालय सुनवाई कर सकता है और न ही



उच्चतम न्यायालय। ऐसे में ये याचिका खारिज की जाती है। सुनवाई के दौरान मीनाक्षी नटराजन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन का मध्यप्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि उन्होंने एक आपराधिक मामले की जानकारी छिपाई। सिंघवी ने कहा कि जिस आपराधिक मामले का जिक्र किया जा रहा है उसमें अभी संज्ञान भी नहीं लिया गया है। नटराजन के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 223 के तहत संज्ञान लेने से पहले का समन जारी किया गया है।

**सुनवाई**

नटराजन के खिलाफ धारा 223 के तहत संज्ञान लेने से पहले का समन जारी किया गया है

### एएआईबी ने अहमदाबाद विमान हादसे की जांच पर जारी किया अंतरिम बयान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** विमान दुर्घटना की जांच करने वाली एजेंसी विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने शुक्रवार को एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई-171 से संबंधित दुर्घटना की जांच की प्रगति पर अपना अंतरिम वक्तव्य जारी किया। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि एएआईबी ने कहा है कि पिछले साल गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे की अंतिम जांच रिपोर्ट, जांच से जुड़ी सभी गतिविधियों, जरूरी अंतरराष्ट्रीय समीक्षा और परामर्श की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जारी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि एक वर्ष पहले एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 जो अहमदाबाद से लंदन जा रही थी।

*यह अवधि केवल एक सरकार का कार्यकाल नहीं, बल्कि विकसित भारत की मजबूत आधारशिला रखने वाले परिवर्तनकारी वर्षों का प्रतीक है: जेपी नड्डा*

# मोदी सरकार के 12 वर्ष विकसित भारत की मजबूत नींव के स्वर्णिम वर्ष : नड्डा

**ऐतिहासिक निर्णय**

जल जीवन मिशन के तहत हिमाचल में सभी घरों तक पेयजल सुविधा पहुंचाई गई

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री तथा भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष देश के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह अवधि केवल एक सरकार का कार्यकाल नहीं, बल्कि




विकसित भारत की मजबूत आधारशिला रखने वाले परिवर्तनकारी वर्षों का प्रतीक है। भाजपा द्वारा आयोजित 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के तहत शुक्रवार को शिमला में आयोजित बुद्धिजीवी सम्मेलन को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति की दिशा और संस्कृति दोनों को बदला है। उन्होंने कहा कि पहले राजनीति जातिवाद, परिवारवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार तक सीमित थी, लेकिन मोदी सरकार ने राजनीति को सेवा, सुशासन और जवाबदेही का माध्यम बनाया है। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने कई ऐतिहासिक निर्णय देखे हैं। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाना, अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण, मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाना और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू करना ऐसे फैसले हैं, जिन्होंने देश की दिशा और दशा बदलने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि विकास और जनकल्याण की नीतियों के कारण भाजपा को लगातार तीसरी बार जनता का समर्थन मिला है। देश के अधिकांश नागरिक आज भाजपा और एनडीए शासित राज्यों में निवास कर रहे हैं, जो सरकार की नीतियों पर जनता के विश्वास को दशार्ता है। हिमाचल प्रदेश का उल्लेख करते हुए नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रदेश को विकास की नई गति प्रदान की है। बिलासपुर में एम्स की स्थापना, चंबा, हमीरपुर और नाहन में मेडिकल कॉलेजों का निर्माण तथा राष्ट्रीय राजमार्गों और सड़क परियोजनाओं के विस्तार से प्रदेश की तस्वीर बदली है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हिमाचल में 14,400 किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़क नेटवर्क विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत हिमाचल में सभी घरों तक पेयजल सुविधा पहुंचाई गई है।

# वैष्णव ने की आरआरबी भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा, पारदर्शिता और तकनीक आधारित भर्ती पर जोर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) की भर्ती प्रक्रिया की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की और भर्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सटीक तथा तकनीक आधारित बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रेलवे की भर्ती प्रणाली को नई तकनीक, तेज प्रक्रियाओं और अधिक जवाबदेही के साथ लगातार बेहतर बनाया जाना चाहिए। बैठक में बताया गया कि भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान छह प्रमुख श्रेणियों में विभिन्न भर्ती चक्रों के माध्यम से 43,781 अभ्यर्थियों को रोजगार दिया है। यह भर्ती 47,084 रिक्त



पदों के लिए की गई चयन प्रक्रियाओं के तहत हुई है। इनमें 18,799 सहायक लोको पायलट (एएलपी), 14,298 तकनीशियन, 452 सब-इंस्पेक्टर, 4,208 कांस्टेबल, 7,951 जूनियर इंजीनियर/डीएमएस/सीएमए तथा 1,376 पैरामेडिकल पद शामिल हैं। रेल मंत्री ने कहा कि वार्षिक भर्ती कैलेंडर और तिमाही आधार पर जारी होने वाली रिक्तियों की अधिसूचनाओं को अभ्यर्थियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। इससे उम्मीदवारों को अपनी तैयारी की बेहतर योजना बनाने में मदद मिल रही है और भर्ती प्रक्रिया में ज्यादा स्पष्टता और निश्चितता आती है।

उन्होंने विभागीय परीक्षाओं को पूरी तरह कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) प्रणाली में लाने की प्रगति की भी समीक्षा की। वैष्णव ने निर्देश दिया कि जहां संभव हो, टैबलेट आधारित परीक्षाओं का दायरा बढ़ाया जाए ताकि भर्ती प्रक्रिया और अधिक तेज, प्रभावी तथा अभ्यर्थी-अनुकूल बन सके।



उत्तर भारत

ACTION INDIA

नई दिल्ली, 13 जून 2026

दैनिक एक्शन इंडिया

www.actionindialive.com



# यूपी के 1.5 लाख से अधिक युवाओं को मिलेगी निशुल्क फाइनेंशियल स्किल्स की ट्रेनिंग

☐ उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन और एनएसई के बीच हुआ एमओयू, यूपीएसडीएमयू और डीडीयू-जीकेवाई के 1000 से अधिक केन्द्रों में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवा होंगे लाभांवित, रोजगार के साथ-साथ युवाओं को स्किल + फाइनेंशियल इंटेलीजेंस मॉडल पर आत्मनिर्भर बनाएगा मिशन, मिशन मुख्यालय में वर्कशॉप का आयोजन, अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी जानें फाइनेंस मैनेजमेंट के 12 मूल मंत्र

**प्राथमिकता**

☐ युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त, जागरूक और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार नागरिक बनाना भी प्राथमिकता

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** प्रदेश के युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार से जोड़ना ही अब योगी सरकार का लक्ष्य नहीं है, बल्कि अपनी प्राथमिकताओं का दायरा बढ़ाते हुए युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त, जागरूक और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार नागरिक बनाना भी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री योगी के इसी विजन को धरातल पर उतारते हुए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के बीच शुक्रवार को एमओयू हुआ। मिशन निदेशक पुलकित खरे की पहल पर पहली बार कौशल प्रशिक्षण को वित्तीय शिक्षा से जोड़ा जा रहा है। इस साझेदारी के तहत यूपीएसडीएम तथा दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू जीकेवाई) के अंतर्गत प्रदेश भर में 1000 से अधिक ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 1.5 लाख से अधिक युवाओं को अगले हफ्ते से फाइनेंशियल स्किलिंग की विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी।

**मिलेगी फाइनेंशियल स्किलिंग की ट्रेनिंग**

एमओयू से पहले मिशन मुख्यालय स्थित सभागार में फाइनेंशियल लिटरेसी एंड अवेयरनेस वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों को वित्तीय जागरूकता एवं आर्थिक निर्णय क्षमता का महत्व बताया गया। मिशन निदेशक भी वर्कशॉप में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आज के समय में ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी निवेश योजनाओं और वित्तीय अनिश्चितताओं के दौर में युवाओं को वित्तीय शिक्षा देना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता







## एक्सपर्ट्स ने बताए वित्तीय सफलता के 12 मूल मंत्र*

इसी को ध्यान में रखते हुए हमने फाइनेंशियल स्किलिंग की ट्रेनिंग देने का निर्णय लिया है । प्रेसेंटेशन के माध्यम से एनएसई के अधिकारियों ने फाइनेंशियल सक्सेस के 12 मूल मंत्र बताए। उन्होंने बताया पहले खुद के भविष्य के लिए बचत करें। इनकम से कम खर्च करें। आपातकालीन फंड तैयार रखें। हाई इंटरेस्ट पर ऋण लेने से बचें, रेगुलर इन्वेस्टमेंट करें। इन्वेस्टमेंट में विविधता रखें। रिस्क और रिटर्न की समझ रखें। टैक्स को देखते हुए निवेश करें। आवश्यक बीमा करवाएं। लॉन्ग टर्म एसेट्स लें और समय-समय पर इन्वेस्टमेंट की समीक्षा करें।

**सारथी एप बनेगा युवाओं का डिजिटल वित्तीय मार्गदर्शक**

वर्कशॉप में कर्मचारियों को सारथी एप के बारे में भी विस्तार से बताया गया। यह इन्वेस्टमेंट एजुकेशन के लिए बनाया गया एक उपयोगी डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो उपयोगकताओं को इन्वेस्टमेंट संबंधी शैक्षणिक वीडियो, वित्तीय योजना के टूल्स, कैलकुलेटर और फाइनेंशियल हेल्थ चेकअप जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराता है।

**कौशल के साथ आर्थिक समझ भी जरूरी**

यह एमओयू प्रदेश के युवाओं के जीवन में एक महत्वपूर्ण बदलाव लेकर आएगा। कौशल प्रशिक्षण के बाद रोजगार पाने वाले युवा अब केवल आय अर्जित नहीं करेंगे, बल्कि यह भी समझेंगे कि पहली सैलरी का सही उपयोग कैसे करें, बजट और बचत कैसे शुरू करें, इन्वेस्टमेंट कब और कहां करना चाहिए, अनावश्यक ऋण से कैसे बचना है, भविष्य की आर्थिक सुरक्षा कैसे तैयार करनी है। यह ट्रेनिंग युवाओं को घर खरीदने, व्यवसाय शुरू करने, परिवार की आर्थिक सुरक्षा, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवानिवृत्ति जैसे जीवन के बड़े निर्णय लेने में भी सक्षम बनाएगी। साथ ही वित्तीय जागरूकता उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी निवेश योजनाओं और आर्थिक जोखिमों से सुरक्षित रहने में भी मदद करेगी।

### आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने वाला एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा



युवाओं को स्किल + फाइनेंशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से रोजगार से आगे बढ़कर आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने वाला एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। वर्कशॉप में अपर मिशन निदेशक पूजा मिश्रा, जॉइंट डायरेक्टर मयंक गंगवार, वित्त नियंत्रक संदीप कुमार, असिस्टेंट डायरेक्टर एम के सिंह, असिस्टेंट डायरेक्टर पवित्रा टंडन व मिशन के अन्य कर्मचारी मौजूद रहें। वहीं, एनएसई से चीफ रेग्युलेटरी ऑफिसर अंकित शर्मा, वाइस प्रेसिडेंट जोगिंदर सिंह और यूपी रीजन की सीनियर इंचार्ज श्रुति शर्मा भी वर्कशॉप में मौजूद रहीं ।

कौशल विकास का वास्तविक उद्देश्य तब तक अधूरा है, जब तक हमारे युवा अपनी कमाई का सही उपयोग और मैनेजमेंट करना न सीखें। आज रोजगार पाना जरूरी है, लेकिन उससे भी अधिक आवश्यक है वित्तीय रूप से समझदार बनना। एनएसई के साथ यह साझेदारी युवाओं को स्किल + फाइनेंशियल इंटेलीजेंस के मॉडल पर तैयार करेगी, जिससे वे केवल नौकरी पाने वाले नहीं बल्कि आर्थिक रूप से सक्षम और जिम्मेदार नागरिक बन सकेंगे।

**- पुलकित खरे, मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन**

# सबसे तेज टीवीएस अपाचे और सबसे तेज भारतीय एथलीट गुरिंदरवीर सिंह का मिलन

**सम्मान**

☐ श्री गुरिंदरवीर सिंह को उनकी उपलब्धियों के सम्मान में टीवीएस अपाचे आरटीआर 310 सौंपी हैं




**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडीः** टीवीएस वेनु के भाग और दुनिया की जानी मानी दोपहिया एवं तिपहिया वाहन निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी (टीवएसएम)ने आज बताया कि कंपनी ने भारत के सबसे तेज 100 मीटर स्प्रिंटर श्री गुरिंदरवीर सिंह को उनकी उपलब्धियों के सम्मान में टीवीएस अपाचे आरटीआर 310 सौंपी है जो टीवीएस अपाचे की सबसे फास्ट स्ट्रीट परफोर्मेन्स मोटरसाइकल है।भारत के सबसे फास्ट एथलीट और सबसे फास्ट टीवीएस अपाचे का यह मिलन एक खास जुनून का जश्न है एक जुनून जो बिना रूके और बिना किसी समझौते के स्पीड बनाए रखने की चाहत को दर्शता है।90 देशों में जोश से भरपूर 65 लाख से अधिक ग्राहकों की ग्लोबल कम्युनिटी को आगे बढ़ाते हुए टीवीएस अपाचे दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ने वाले मोटरसाइकल ब्रांड्स में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत बना रही है।स्पीड,सटीकता और फुर्ती के प्रति अटूट जुनून के साथ बनी टीवीएस अपाचे ने नई पीढ़ी के राइडरों के लिए परफॉर्मेंस की सीमाओं को लगातार नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया है।इस दृष्टिकोण के केंद्र में है टीवीएस अपाचे आरटीआर 310 जो टीवीएस अपाचे के डीएनए की प्रीमियम अभिव्यक्ति है।हाल ही में श्री गुरिंदरवीर सिंह ने फेडरेशन कप में पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में 10.09 सेकंड का ऐतिहासिक समय दर्ज कर भारतीय स्प्रिंटिंग को एक नई पहचान दी।

# स्कोडा ऑटो ने नई कोडियाक आरएस एसयूवी लॉन्च करने का किया ऐलान

**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडीः** स्कोडा ऑटो इंडिया अपनी हाई-परफॉर्मेंस आरएस रेंज को नई कोडियाक आरएस के साथ और मजबूत करने जा रही है। 50 वर्षों से अधिक पुरानी आरएस विरासत और 125 वर्षों से ज्यादा के मोटरस्पोर्ट इतिहास पर आधारित यह नया मॉडल ब्रांड की परफॉर्मेंस-उन्मुख पहचान को और मजबूती देता है।

22 जून 2026 से बुकिंग के लिए उपलब्ध होने वाली कोडियाक आरएस दमदार परफॉर्मेंस, शानदार मोटरस्पोर्ट कैरेक्टर, सात-सीटर लग्जरी की बहुउपयोगिता और 4x4 तकनीक से लैस बेहतर ऑल-टेरेन क्षमता का बेहतरीन मेल पेश करती है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, आरएस बैज 50 वर्षों से अधिक की वैश्विक परफॉर्मेंस विरासत का प्रतीक रहा है और भारत में भी ऑक्टाविया आरएस के दो दशक पहले आगमन के बाद से इसका बेहद मजबूत प्रशंसक वर्ग रहा है। पिछले साल लॉन्च हुई नई ऑक्टाविया आरएस केवल 20 मिनट में पूरी तरह बिक गई थी, जिसने ऑटोमोबाइल उत्साहियों के बीच इसकी खास लोकप्रियता को साबित किया। अब हम इसी विरासत को कोडियाक आरएस के साथ आगे बढ़ा रहे हैं।

**लोकप्रियता**

☐ आरएस केवल 20 मिनट में पूरी तरह बिक गई थी, जिसने ऑटोमोबाइल उत्साहियों के बीच लोकप्रियता को साबित किया

# मप्र से राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवार तरुण चुघ और रजनीश ने दाखिल किया नामांकन

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दोनों उम्मीदवार तरुण चुग और रजनीश अग्रवाल ने शनिवार को दोपहर में विधानसभा पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। मध्य प्रदेश से राज्यसभा की रिक्त तीन सीटों के लिए आगामी 18 जून को मतदान होना है। भाजपा ने दो सीटों के लिए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग और प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल को उम्मीदवार घोषित किया है। भाजपा के दोनों उम्मीदवार शनिवार को दोपहर करीब 12:30 बजे विधानसभा पहुंचे और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय समेत समेत अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने से पहले प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी विधायकों की एक बैठक हुई। इसमें दोनों उम्मीदवारों तरुण चुग और रजनीश अग्रवाल के अलावा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में चुनाव की रणनीति और एकजुटता को लेकर चर्चा हुई।





रायपुर : सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी एवं जनकल्याणकारी 12 वर्षों के कार्यकाल के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों हेतु रायपुर पहुँचे केंद्रीय वस्त्र उद्योग मंत्री गिरिराज सिंह का स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत किया।

# किसान परिवार के लिए वरदान बनी किसान एवं खेतीहर मजदूर सुरक्षा योजना

**योजना का लाभ**

☐ संकट की घड़ी में किसान परिवार के लिए वरदान बनी मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना



**टीम एक्शन इंडिया**

**संतोष गर्ग**

**पलवल।** हरियाणा सरकार में खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम की पहल पर मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के अंतर्गत एक किसान परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मार्केट कमेटी पलवल कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मार्केट कमेटी के चेयरमैन पंकज विरमानी और वाइस चेयरमैन मुकेश सिंगला ने सहायता राशि का चेक पीड़ित परिवार को सौंपा। यह सहायता राशि गांव जेवावाद खेड़ली निवासी स्वर्गीय मुख्तार की पत्नी मिथलेश को प्रदान की गई। कृषि कार्य के दौरान दुर्घटनावश मुख्तार की मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद योजना के तहत उनके परिवार को आर्थिक संबल उपलब्ध कराया गया।

चेयरमैन पंकज विरमानी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों और मजदूरों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री किसान एवं मजदूर जीवन सुरक्षा योजना दुर्घटना से प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता देकर उन्हें कठिन समय में सहारा प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे।

# कचरे से कमाई का रास्ताः कोलिहापुरी बना ग्रामीण विकास का नया केंद्र



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** जिस प्लास्टिक कचरे को आमतौर पर पर्यावरण के लिए सबसे बड़ी चुनौती माना जाता है, उसी कचरे को दुर्ग जिले के एक गांव ने आय और रोजगार का साधन बना दिया है। ग्राम पंचायत कोलिहापुरी में स्थापित जिले का पहला मटेरियल रिकवरी सेंटर (एमआरसी) आज ह्वेस्ट टू वेल्थह्ल मॉडल की ऐसी मिसाल बन चुका है, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती दे रहा है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में विकसित यह केंद्र अब केवल कचरा संग्रहण और निपटान तक सीमित नहीं है, बल्कि जिले के 381 गांवों से निकलने वाले प्लास्टिक अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन का प्रमुख केंद्र बन गया है। यहां प्रतिदिन लगभग 150 किलोग्राम प्लास्टिक कचरे का प्रसंस्करण किया जाता है।

आधुनिक मशीनों की मदद से प्लास्टिक को पिघलाकर लम्प्स तैयार किए जाते हैं, जिन्हें निर्माण क्षेत्र की कंपनियों को बेचा जाता है। इस पहल की खास बात यह है कि यह परियोजना अब आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ चुकी है। संचालन, बिजली, रखरखाव और श्रमिकों के मानदेय का भुगतान करने के बाद भी केंद्र को हर महीने लगभग 15 हजार रुपये का शुद्ध लाभ हो रहा है।

कचरा प्रबंधन को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए डीएमएफ मद से उपलब्ध कराए गए चार जीपीएस युक्त ई-रिक्शा गांवों से प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्र कर रहे हैं। इनकी निगरानी सीधे कंट्रोल रूम से की जाती है, जिससे पूरी प्रक्रिया रियल टाइम में मॉनिटर होती है।

**अपशिष्ट**

☐ डीएमएफ मद से उपलब्ध कराए गए चार जीपीएस युक्त ई-रिक्शा गांवों से प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्र कर रहे हैं।

## एमआरपी में पारदर्शिता की मांग को लेकर 12 जून को जंतर-मंतर पर होगा धरना-प्रदर्शन

# हितेन्द्र मल्होत्रा, महानिदेशक, रेलवे बोर्ड ने किया रेल डिब्बा कारखाना, कपूरथला का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**कपूरथलाः** हितेन्द्र मल्होत्रा, महानिदेशक (संरक्षा ), रेलवे बोर्ड ने रेल डिब्बा कारखाना , कपूरथला का दौरा किया। रेडिका पहुंचने पर श्री मल्होत्रा ने महाप्रबंधक अजय नंदन, प्रधान विभागाध्यक्षों तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक विस्तृत बैठक की। बैठक में कोच संरक्षा , डिब्बा उत्पादन तथा चालू वित्तीय वर्ष के दौरान रेल डिब्बों के निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर रेडिका के डिजाइन विभाग ने डिब्बों में संरक्षा बढ़ाने तथा अन्य महत्वपूर्ण संरक्षा विशेषताओं को सुदृढ़ करने के लिए रेडिका द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। वर्कशॉप के अपने दौरे के दौरान श्री मल्होत्रा ने रेल डिब्बा निर्माण प्रक्रियाओं का गहन निरीक्षण किया तथा नव विकसित संरक्षा विशेषताओं से युक्त एक रेक के निर्माण की समीक्षा की। उन्होंने डिब्बों में लगाए गए विद्युत उपकरणों एवं प्रणालियों का भी अवलोकन किया तथा संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने डिब्बा निर्माण में संरक्षा उपायों को और सुदृढ़ करने के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव एवं अनुभव साझा किए। रेडिका के अत्याधुनिक आधारभूत ढांचे तथा कुशल विनिर्माण प्रक्रियाओं की सराहना करते हुए उन्होंने संरक्षा मानकों और परिचालन दक्षता को और बेहतर बनाने के लिए रचनात्मक सुझाव दिए।



श्री मल्होत्रा ने तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र (टीटीसी) का भी दौरा किया, जहां उन्होंने संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने प्रशिक्षण गतिविधियों से जुड़े अधिकारियों के साथ बातचीत की तथा पाठ्यक्रम सामग्री, प्रशिक्षण पद्धति और कौशल विकास एवं क्षमता निर्माण के लिए उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। रेडिका द्वारा अपने कर्मचारियों की तकनीकी दक्षताओं को बढ़ाने के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने आधुनिक डिब्बा निर्माण की बदलती तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप सतत सीखने और कौशल उन्नयन के महत्व पर बल दिया।

रेल डिब्बा कारखाना द्वारा कोच निर्माण के क्षेत्र में प्राप्त तकनीकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए श्री मल्होत्रा ने संगठन को संरक्षा विशेषताओं, उत्पादकता तथा परिचालन उत्कृष्टता को और बढ़ाने के लिए सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को अपनाने और बढ़ावा देने की सलाह दी।

# गोविंदपुरी अग्निकांडः मां, बेटा और बेटी की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके के तुगलकाबाद एक्सटेंशन स्थित पांच मंजिला रिहायशी इमारत में गुरुवार रात लगी आग ने एक ही परिवार को गहरा सदमा दे दिया। हादसे में मां, बेटे और बेटी की मौत हो गई। जबकि परिवार की दो अन्य महिलाएं गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस के अनुसार बीती रात 2:31 बजे पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, दमकल विभाग और अन्य बचाव एजेंसियां मौके पर पहुंच गईं। आग पर काबू पाने के बाद इमारत में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान पंकज (28), उनकी मां गुड्डी (50) और बहन सोनी (20) के रूप में हुई है। तीनों तुगलकाबाद गांव की गली नंबर-1 स्थित आरजेड-



1/173 की तीसरी मंजिल पर रहते थे। वहीं पंकज की दूसरी बहन मोनी (18) और उसकी करीब 70 वर्षीय नानी गंभीर रूप से झुलस गई हैं। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है और उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। शुरूशाती जांच में आशंका जताई जा रही है कि आग तेजी से पूरी इमारत में फैल गई, जिससे कई लोग अंदर फंस गए। पुलिस और दमकल विभाग आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

**गोविंदपुरी आग हादसे में एक परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़,**

## पार्किंग में खड़ी गाड़ियों में लगी आग

हालांकि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं लग पाया है। पुलिस और दमकल विभाग की टीमें तुगलकाबाद की गली नंबर-1 स्थित नया तारा अपार्टमेंट के पास मौजूद हैं। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच के मुताबिक आग बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर स्थित पार्किंग क्षेत्र में खड़ी गाड़ियों में लगी थी। आग की वजह से पूरे बिल्डिंग में धुआं फैल गया, जिससे लोग अंदर फंस गए।

**दमकल विभाग ने कहा यह**

दमकल विभाग के एडीओ यशवंत मीणा ने बताया कि पार्किंग में खड़ी तीन स्कूटी, दो मोटरसाइकिल और एक साइकिल आग की चपेट में आ गईं। इसकी वजह से आग और धुआं 5वीं मंजिल तक फैल गया। जिससे ग्राउंड, पहली और दूसरी मंजिल पर सबसे ज्यादा नुकसान हुआ, जबकि ऊपरी मंजिलों पर कम क्षति हुई।

**बचाव कार्य में चुनौतियों का सामना**

पांच मंजिला इमारत संकरी गली में होने के कारण राहत बचाव कार्य में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। हालांकि, दमकल ने तेजी से कार्रवाई करते हुए छत तक पहुंच बनाई। यहां से छत का गेट काटकर टीम अंदर दाखिल हुई। सबसे पहले वहां फंसी दो लड़कियों को सुरक्षित बाहर निकाला। बाद में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।

**साड़ी के सहारे नीचे उतरे कुछ लोग**

चश्मदीद सौरभ ने बताया कि आग लगने के चलते कई लोग बुरी तरह फंसे हुए थे, जिसके बाद लोगों ने अपने छत से एक साड़ी फेंकी और कुछ लोग नीचे उतरे। हमने जब बिल्डिंग में झांक कर देखा तो गाड़ियों में आग लगी हुई थी।

**मां-बेटे समेत तीन की मौत**

गोविंदपुरी के तुगलकाबाद एक्सटेंशन में गुरुवार रात हुए भीषण अग्निकांड ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। आग की इस दर्दनाक घटना में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य सदस्य अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इमारत में सुरक्षा मानकों और आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 150 सेकंड के इंतजार को कहें अलविदा, सिग्नल फ्री होगा दिल्ली का यह चौराहा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** बाहरी रिंग रोड पर अत्यधिक यातायात भार वाले चौराहों में से एक मधुबन चौक जल्द ही सिग्नल फ्री हो जाएगा। मधुबन चौक ट्रैफिक सिग्नल पर वाहन चालकों को अब 150 सेकंड के ठहराव साथ-साथ यातायात जाम में फंसने की समस्या से मुक्ति मिलने वाली है। मधुबन चौक के साथ ही पीतमपुरा स्थित लाला जगत नारायण मार्ग पर आशियाना चौक को सिग्नल फ्री किए जाने की योजना है। दोनों चौक को सिग्नल फ्री कर तीन यू-टर्न से होकर यातायात आवागमन होगा। मधुबन चौक पर सरोज अस्पताल के सामने यू-टर्न बनाने का कार्य अंतिम चरण में है। जबकि, सुभावना अपार्टमेंट और इंद्रिया भवन के सामने यू-टर्न पहले से ही बने हुए हैं। यातायात पुलिस के अधिकारी ने बताया कि अगले सप्ताह तक दोनों चौक सिग्नल फ्री किए जाने की योजना है। एनएसपी से लेकर रिठाला मेट्रो स्टेशन तक लगभग छह किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर बने 12 में से 10 सिग्नल पहले ही बंद किए जा चुके हैं, इनके स्थान पर 14 यू-टर्न बनाए गए हैं। मधुबन चौक व आशियाना चौक को जल्द ही सिग्नल फ्री कर दिया जाएगा। इसकी तैयारी चल रही हैं। यातायात पुलिस के अधिकारी ने बताया कि मधुबन चौक से रिठाला की ओर जाने वाले वाहन चालकों को मुड़ना है तो सरोज अस्पताल के सामने यू-टर्न बनाया जा रहा है। रोहिणी फायर एकेडमी के सामने बने यू-टर्न का प्रयोग भारी वाहनों के लिए किया जाएगा। मधुबन चौक से एनएसपी की तरफ जाने वाले वाहन चालकों को अगर मुड़ना है तो वे सुभावना अपार्टमेंट के सामने बने यू-टर्न का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसी प्रकार आशियाना चौक को भी जल्द सिग्नल फ्री किया जाएगा। दोनों तरफ के वाहन चालक मुड़ने के लिए सुभावना अपार्टमेंट व इंद्रिया भवन के सामने बने यू-टर्न का उपयोग कर सकते हैं।

# सलमान ने फिल्म काला हिरण के खिलाफ हाई कोर्ट का किया रुख




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** फिल्म अभिनेता सलमान खान ने 'काला हिरणः द बैटल फॉर लीगेसी' फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में सलमान खान ने कहा है कि ये फिल्म 1998 में उनसे जुड़े काला हिरण के शिकार से संबंधित है। इस फिल्म के प्रदर्शन से उनके व्यक्तित्व के अधिकारों का उल्लंघन होगा। याचिका में कहा गया है कि फिल्म काला हिरण के निमार्ता ने फिल्म में उसके हमशक्ल का इस्तेमाल किया है और वह जो ब्रासलेट पहनता है वैसा ही ब्रासलेट भी पहने हुए दिखाया गया है। याचिका में कहा गया है कि फिल्म के निमार्ता फिल्म के प्रमोशन के दौरान सलमान खान के नाम का दुरुपयोग कर रहे हैं। फिल्म की रिलीज के बाद काला हिरण के शिकार से जुड़े मामले पर भी असर पड़ सकता है और इससे उसकी छवि पर खराब असर पड़ सकता है। याचिका में कहा गया है कि सलमान खान ने फिल्म के निर्माता को कानूनी नोटिस भेजा था जिसमें फिल्म के प्रमोशन और रिलीज को रोकने की मांग की गई थी।

**सुनवाई**

**कानूनी नोटिस भेजा था जिसमें फिल्म के प्रमोशन और रिलीज को रोकने की मांग की गई थी**

# नीट पेपर लीक के आरोपी यश यादव की अंतरिम जमानत पर फैसला टला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने नीट पेपर लीक के आरोपी यश यादव को परीक्षा में शामिल होने के लिए दायर अंतरिम जमानत याचिका पर फैसला टाल दिया है। स्पेशल जज गौरव राव ने कहा कि अभी आरोपी को परीक्षा देने के लिए एडमिट कार्ड भी जारी नहीं हुए हैं। कोर्ट ने अंतरिम जमानत याचिका पर 16 जून को सुनवाई करने का आदेश दिया।




यश यादव ने परीक्षा और अपनी बहन की शादी में शामिल होने के लिए 15 दिनों की अंतरिम जमानत देने की मांग की है। इसके पहले कोर्ट ने 2 जून को नीट की परीक्षा तैयारी के लिए यश यादव को किताबें उपलब्ध कराने की अनुमति दी थी। यश यादव की ओर से पेश वकील अंबिका ने कहा कि उसे नीट परीक्षा की तैयारी करनी है। उसने 3 मई को नीट की परीक्षा दी थी जो निरस्त हो गई थी। कोर्ट ने 2 जून को यश यादव की न्यायिक हिरासत 15 जून तक बढ़ाने का आदेश दिया था। कोर्ट ने यश यादव के अलावा मांगीलाल बिवाल, विकास बिवाल, दिनेश बिवाल और धनंजय लोखंडे की न्यायिक हिरासत 15 जून तक बढ़ाने का आदेश दिया था।

ोर्ट ने 14 मई को मांगीलाल बिवाल, विकास बिवाल, दिनेश बिवाल और यश यादव को सीबीआई हिरासत में भेजा था। 15 मई को कोर्ट ने धनंजय लोखंडे को सीबीआई हिरासत में भेजा था। इस मामले में अब तक 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# ब्रिटानिया चौक अब 'अश्विनी चोपड़ा (मिन्ना) चौक', एलजी और सीएम ने किया अनावरण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लॉरेंस रोड स्थित ब्रिटानिया चौक का नाम बदल कर अब दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व सांसद अश्विनी कुमार चोपड़ा (मिन्ना) के नाम पर रख दिया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू तथा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से नवनिर्मित अश्विनी चोपड़ा (मिन्ना) चौक का उद्घाटन किया और नामकरण पट्टिका का अनावरण किया। इस मौके पर



दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, दक्षिण दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री विजय गोयल और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा सहित कई विधायक और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। उपराज्यपाल संधू ने कहा कि अश्विनी कुमार चोपड़ा केवल एक पत्रकार या जनप्रतिनिधि नहीं थे बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पित एक असाधारण व्यक्तित्व थे। उनका साहस और लोगों के प्रति स्नेह उन्हें सबसे अलग बनाता था। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की यह पहल बेहद सराहनीय है। अब यह हम सभी नागरिकों, प्रशासन और परिवार की सामूहिक जिम्मेदारी है कि इस चौक को दिल्ली के सबसे स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित सार्वजनिक स्थलों में शामिल किया जाए ताकि उनके नाम का सम्मान सदैव बना रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकारिता, सार्वजनिक जीवन और समाज सेवा के क्षेत्र में अश्विनी कुमार चोपड़ा का कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने (मिन्ना) एक निर्भीक पत्रकार के रूप में अपनी लेखनी के माध्यम से हमेशा समाज की आवाज को बुलंद किया। इस महत्वपूर्ण चौक का नामकरण केवल एक औपचारिकता नहीं बल्कि उनके व्यक्तित्व और देश के प्रति योगदान को समाज की ओर से दी गई एक सच्ची श्रद्धांजलि है। उल्लेखनीय है कि दिवंगत अश्विनी कुमार चोपड़ा (मिन्ना) करनाल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ पत्रकार थे।

**उद्घाटन**

**एलजी तथा सीएम ने संयुक्त रूप से नवनिर्मित अश्विनी चोपड़ा (मिन्ना) चौक का उद्घाटन किया**



एनडीएमसी ने किआ इंडिया और आईपीसीए के सहयोग से ह्यप्रोजेक्ट डीआरओपी' का किया शुभारंभ।

# पाठ्यक्रम में सिख गुरुओं के इतिहास को शामिल करने का फैसला स्वागतयोग्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हरियाणा सरकार द्वारा 8वीं कक्षा के इतिहास के पाठ्यक्रम में सिख गुरुओं के जीवन, योगदान और उनकी शिक्षाओं को शामिल किए जाने के फैसले का स्वागत किया है। भाजपा ने कहा कि यह पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सिख विरासत के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस ने जहां गुरुओं के इतिहास को उपेक्षित किया, वहीं भाजपा ने वीर बाल दिवस, गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी समागम और अन्य आयोजनों के जरिए सिख इतिहास को राष्ट्रीय चेतना से जोड़ने का कार्य किया है।

**प्रतिबद्धता**

**भोपाल गैस कांड से लेकर दंतेवाड़ा के शहीदों तक कांग्रेस के दोहरे मापदंड जगजाहिर हैं**

चुग ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि 1984 का सिख कत्लेआम देश कभी नहीं भूल सकता। वोटर लिस्ट पकड़कर सिखों को ढूंढ-ढूंढकर मारा गया, गुरुद्वारे जलाए गए, 52 शहरों को श्मशान बना दिया गया। भोपाल गैस कांड से लेकर दंतेवाड़ा के शहीदों तक कांग्रेस के दोहरे मापदंड जगजाहिर हैं। कांग्रेस की हिमालयन मिस्टेक्स की सूची बहुत लंबी है।

# निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के सराय काले खां वाले प्रवेश द्वार को अस्थायी रूप से बंद किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के सराय काले खां की ओर स्थित दूसरे प्रवेश द्वार के पुनर्विकास का काम शुरू हो गया है। इस कारण स्टेशन का यह प्रवेश और निकास मार्ग फिलहाल बंद कर दिया गया है। उत्तर रेलवे के अनुसार यहां नए एस्केलेटर, लिफ्ट, सीढ़ियां, बुकिंग कार्यालय और शौचालय बनाए जाएंगे। साथ ही, फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का विस्तार भी किया जाएगा। रेलवे ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए नमो भारत स्टेशन के फुट ओवरब्रिज को रेलवे स्टेशन के फुट ओवर ब्रिज से जोड़ दिया गया है। इसे




मई माह से यात्रियों के लिए खोल दिया गया है। अब सराय काले खां की ओर से आने वाले यात्री नमो भारत स्टेशन के गेट नंबर-1 और गेट नंबर-2 के रास्ते नए फुट ओवर ब्रिज का इस्तेमाल कर हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पहुंच सकेंगे। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने और सहयोग करने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान यात्रियों की आवाजाही सुचारु रखने के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण और बढ़ती यात्री संख्या को ध्यान में रखते हुए सराय काले खां क्षेत्र में दूसरे प्रवेश द्वार का पुनर्विकास किया जा रहा है। यह क्षेत्र दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के प्रमुख इंटरचेंज केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है, जिससे रेलवे स्टेशन और क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के बीच बेहतर संपर्क सुनिश्चित किया जा सकेगा।

दिल्ली के लिए विशेष रूप से केंद्र सरकार की ओर से किए गए कार्यों का ब्यौरा दिया गया

# प्रधानमंत्री मोदी के सेवाकाल के 12 वर्ष पूरे, दिल्ली में विकास की नई इबारत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली भाजपा आने वाले समय में केन्द्र सरकार की 12 सालों की उपलब्धियों को लेकर और दिल्ली सरकार के 15 महीने की उपलब्धियों को लेकर एक जागरुकता अभियान चलाएगी और घर-घर तक जाएगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने शुक्रवार को पत्रकारवार्ता कर इसकी जानकारी दी। इस दौरान दिल्ली के लिए विशेष रूप से केंद्र सरकार की ओर से किए गए कार्यों का ब्यौरा दिया गया।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने आज एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में पत्रकार वार्ता में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि उनकी सरकार विश्वास, विकास एवं जनकल्याण को समर्पित सरकार है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 12 वर्षों में दिल्ली के लिए अभूतपूर्व कार्य किया है। दिल्ली के अनाधिकृत कॉलोनियों में सिवेज नेटवर्क लगाने और यमुना नदी में गंदे पानी के बहाव को रोकने के लिए मोदी सरकार ने लगभग 3000 करोड़ रुपये आवटिंत पिछली दिल्ली सरकार किए थे। स्वच्छ भारत मिशन के तहत दिल्ली में कूड़े के पहाड़ हटाने के

**ई बसें**

**दिल्ली को अभी तक 4550 इलेक्ट्रिक बसें दिलाई जा चुकी है और पीएम ई ड्राइव के तहत 6130 बसों की मंजूरी**



लिए और सफाई व्यवस्था बेहतर करने के लिए केन्द्र सरकार ने 1550 करोड़ रुपये की मदद दी और इस मदद से लगातार कूड़े के पहाड़ कम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं में तेजी लाने के लिए विशेष सहायता हेतु हमें 2025-26 वित्तीय वर्ष के अंतर्गत 821 करोड़ रुपये दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेट्रो लाइन का विस्तार लगभग 400 किलोमीटर तक का किया जा चुका है। पहली रिंग मेट्रो की सेवा भी शुरू की जा चुकी है और इसके अतिरिक्त 180 किलोमीटर का मेट्रो विस्तार करने का काम शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर पिछले 12 वर्षों की रोड मैप की बात करुं तो पिछले 12 वर्षों में सिर्फ रोड के लिए 1.25 लाख करोड़ रुपये दिल्ली को मिले हैं जिसमें से कई योजनाओं का काम पूर्ण हो गया है और कई योजनाओं पर काम चल रहा है। आज दिल्ली में राजमार्ग का जाल बिछाने का काम मोदी सरकार ने किया है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, द्वारका एक्सप्रेसवे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का दिल्ली कनेक्शन, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे, वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे का विस्तार, अर्बन एक्सटेंशन रोड-क्क (वएफक्क), दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के साथ नमो भारत कॉरिडोर का निर्माण कराने का काम किया गया है। रेखा गुप्ता ने कहा कि भारत मंडपम, प्रगति मैदान इंटीग्रेटेड ट्रांजिट कॉरिडोर एवं सुरंग परियोजना, आर.के. आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ तक लगभग 10 किलोमीटर लंबा नया मेट्रो कॉरिडोर स्वीकृत किया गया, जिससे भारत मंडपम, इंडिया गेट, केंद्रीय सचिवालय और कर्तव्य भवन जैसे प्रमुख क्षेत्रों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। इसके साथ ही अगर फेम के तहत दिल्ली को अभी तक 4550 इलेक्ट्रिक बसें दिलाई जा चुकी है और पीएम ई ड्राइव के तहत 6130 बसों की मंजूरी दिल्ली को देने का प्रावधान किया गया है।

# दिल्ली की सड़कों के गड्ढे अब जल्द भरेंगे, निगम और सीआरआरआई ने किया समझौता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली की सड़कों को बेहतर और गड्ढामुक्त बनाने के लिए दिल्ली नगर निगम और केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण समझौता किया है। इस साझेदारी के तहत सड़कों की गुणवत्ता की जांच, निर्माण कार्य की निगरानी और इंजीनियरों को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस समझौते के साथ ही इकोफिक्स नामक नई तकनीक को अपनाने का भी फैसला किया गया है। यह तकनीक सड़कों के गड्ढों को तेजी से और अधिक मजबूती के साथ भरने में मदद करेगी। इस मौके पर निगम आयुक्त संजीव खीरवार ने कहा कि नई तकनीकों के इस्तेमाल से सड़कों की मरम्मत तेज और टिकाऊ होगी, जिससे लोगों को बेहतर सड़कें मिलेंगी।

वहीं, सीएसआईआर-सीआरआरआई के निदेशक डॉ. चौधरी रवि शेखर ने बताया कि इकोफिक्स तकनीक में स्टील उद्योग से निकलने वाले स्लैग (औद्योगिक अवशेष) का उपयोग किया जाता है। इससे न सिर्फ गड्ढों की मरम्मत मजबूत होती है, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों की बचत और प्रदूषण कम करने में भी मदद मिलती है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस तकनीक के उपयोग से गड्ढों की मरम्मत जल्दी होगी। इसके साथ सड़कें अधिक समय तक टिकेंगी औरसड़क की धूल और प्रदूषण कम होगा।

उन्होंने बताया कि इस तकनीक से रखरखाव पर होने वाला खर्च घटेगा और औद्योगिक कचरे का उपयोग कर पर्यावरण को लाभ मिलेगा।

# जनता के लिए कार्यालय और आवास चौबीसों घंटे खुला: सीएम सैनी

## समाज एवं राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए मिलकर कार्य करें, आप पार्टी ने लोगों को झूठ बोलकर बरगलाने का किया कार्य -नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता के लिए मुख्यमंत्री का कार्यालय और आवास चौबीसों घंटे खुला रहता है। समाज कल्याण व अधिकारों की रक्षा के लिए, नीतिगत या व्यक्तिगत रूप से कार्य करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री शुक्रवार को पंजाब के राजपुरा में सैनी समाज वेलफेयर कमेटी द्वारा आयोजित सैनी महासम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। कमेटी द्वारा मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। मुख्यमंत्री ने कई सामाजिक कार्यकताओं को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजपुरा की इस वीर, पावन और ऐतिहासिक धरा पर सैनी समाज के इस विशाल महासम्मेलन में आकर अत्यंत गौरव की अनुभूति हो रही है। उन्होंने सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए वेलफेयर कमेटी के पदाधिकारियों बधाई देते हुए कहा कि यहां आने पर उनका गला भरोसे नाल भर गया है जिस जागरूक और संगठित समाज ने एकजुटता का परिचय दिया है।

**समाज के हकों की रक्षा के लिए की जाएगी जोरदार पैरवी**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए सभी मिलकर कार्य करें तभी पंजाब को भी समृद्ध एवं खुशहाल बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के हकों की रक्षा के लिए जोरदार पैरवी की जाएगी। सैनी समाज को अब मूक दर्शक या समर्थक बनकर नहीं रहना है, बल्कि राजनीतिक क्षेत्र में अग्रणी और निर्णायक भूमिका निभानी होगी। पंचायत से लेकर विधानसभा और संसद तक समाज की सशक्त और गूंजती हुई भागीदारी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चुनाव में आप पार्टी ने अनेक वादे करके पंजाब के लोगों को झूठ बोलकर बरगलाने का कार्य किया। आज जनता स्वयं को ठगा सा महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री ने किसानों को 20 हजार रुपए देने की बात कही जबकि आप पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने गुजरात में 50 हजार रूपए देने की कही। यह भ्रष्टाचारी सरकार केवल शोषण करने का कार्य कर रही है।

**प्रधानमंत्री ने गरीब व्यक्ति को विकास की धारा में लाने का किया काम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जब से देश की बागडोर सम्भाली है, तब से नई नीतियां बनाई और लागू की हैं जिनसे गरीब व्यक्ति को विकास की धारा में लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में गुरू तेग बहादुर जी का 350वां प्रकाश पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया और उनके नाम पर सिरसा विश्वविद्यालय में चेयर स्थापित की गई, फरीदाबाद में चौक, धमतान साहिब में रास्ता, यमुनानगर में वन व द्वार, अम्बाला में पोलटेक्निक का नामकरण किया है।

**84 के दंगों के पीड़ित परिवारों को दी सरकारी नौकरी: सैनी**

नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरू जी के नाम पर छछरौली में कृषि महाविद्यालय बनाया जा रहा है जिसका कार्य जल्द ही आरम्भ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कुरूक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में गुरू जी की शिक्षाओं को आगे बढाने के लिए डाक टिकट एवं सिक्का जारी किया। हरियाणा में 84 के दंगों में पीड़ित परिवारों को सरकारी नौकरी देने के अलावा डायलिसेस रोगियों का राज्य के सभी अस्पताल में निशुल्क ईलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव के दौरान किए गए 217 संकल्पों में से 63 पूरे कर दिए हैं और 157 पर तेजी से कार्य चल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की सभी फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही हैं तथा सब्जियां, आलू आदि को भावांतर भरपाई योजना में शामिल किया गया है ताकि किसानों को उचित दाम मिल सके। महिलाओं को 500 रुपए में सिलेंडर, फसल विविधीकरण अपनाने वाले किसानों को 8 हजार रुपए की सब्सिडी, महिलाओं को 2100 रुपए की राशि देने का कार्य किया जा रहा है। बुजुर्गों, दिव्यांगों, विधवा महिलाओं को पेंशन, दीनदयाल लाडो लक्ष्मी जैसी योजनाओं का लाभ हर माह 10 तारीख को बटन दबाकर दिया जा रहा है।





### प्रधानमंत्री ने मोहाली राजपुरा रेल बाईपास निर्माण को दी मंजूरी

**नायब** सिंह सेनी ने कहा कि पंजाब में हरियाणा की तर्ज पर जनकल्याणकारी नीतियां लागू की जाएगीं। पंजाब में प्रधानमंत्री ने 7500 करोड़ रुपए की लागत से नए रास्ते खोलने का कार्य किया है। इससे 64 हजार से अधिक युवाओं के लिए रोजगार सृजन होगा। इसके अलावा 1387 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। लगभग 1400 करोड़ रुपए की लागत से मोहाली राजपुरा रेल बाईपास निर्माण को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा नशे को खत्म कर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर जुटाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजपुरा की ऐतिहासिक धरा का महत्व है। यह समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक चेतना का जागृत केंद्र है। पूरा क्षेत्र पंजाब, हरियाणा और पूरे देश की प्रगति को आपस में जोडने वाला मजबूत प्रवेश द्वार है। इस माटी ने देश को एक से बढ़कर एक मेहनतकश किसान, जांबाज सैनिक और निस्वार्थ समाजसेवी दिए हैं। सामाजिक क्रांति के अग्रदूत ज्योतिबा फुले, देश की पहली शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले जैसे देश के बहुमूल्य रत्न समाज ने दिए हैं। जिन्होंने विशेष रूप से महिला शिक्षा और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए क्रांतिकारी कार्य किए। उन्हीं की बदौलत समाज सम्मान के साथ सिर उठाकर जी रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक न्याय और अध्यात्मिक राह दिखाने वाले संत लिखमीदास, बल्लभगढ़ रियासत के सेनापति गुलाब सैनी तथा खेल की दुनिया में भारत का डंका बजाने वाले जादूगर मेजर ध्यानचंद के अलावा चण्डीगढ के रॉक गार्डन निमार्ता पद्मश्री नेकचंद सैनी जैसी विभूतियां समाज का गौरव हैं जिन्होंने देश दुनिया में समाज का नाम रोशन किया। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ही ओ.बी.सी. आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया, जो कि एक ऐतिहासिक और युगांतकारी कदम था। मेडिकल और उच्च शिक्षा में ओ.बी.सी. वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देकर शिक्षा के बंद द्वारों को हमेशा के लिए खोल दिया गया।

इसी का परिणाम है कि आज देश के विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग और मेडिकल संस्थानों में पिछड़े वर्ग के युवाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में पहली बार पंजाब से ओ.बी.सी. समाज के वरिष्ठ नेता सरदार इकबाल सिंह लालपुरा को पार्टी के सर्वोच्च नीति-निर्धारक संसदीय बोर्ड में शामिल किया गया है। यही नहीं, केंद्र सरकार और जहां-जहां भी भाजपा की सरकारें हैं, वहां ओ.बी.सी. समाज को उनका पूरा प्रतिनिधित्व और मान-सम्मान दिया जा रहा है।

सम्मेलन में सैनी समाज कल्याण समिति के सर्कल चेयरमैन जैलदार जसविंदर सिंह सैनी, महिन्दर सैनी, प्रधान जतिन्दर सैनी, चेयरमैन गुरनाम, अंगद सैनी, गुरदर्शन सैनी, रणबीर सिंह, सर्वजीत कौर, एमसी लक्की, दविन्दर सैनी सहित भारी संख्या में समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### हर स्तर पर मजबूत पैरवी का आश्वासन

- मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय और आवास 24 घंटे खुले हैं।
- समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर मजबूत पैरवी का आश्वासन।
- सैनी समाज से पंचायत से संसद तक सक्रिय राजनीतिक भागीदारी का आह्वान।
- आम आदमी पार्टी पर पंजाब की जनता को झूठे वादों से गुमराह करने का आरोप।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों और पिछड़े वर्गों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख।
- ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा और शिक्षा में 27 आरक्षण को ऐतिहासिक कदम बताया।
- हरियाणा में 1984 दंगा पीड़ित परिवारों को सरकारी नौकरियां देने का जिक्र।
- डायलिसिस मरीजों के लिए सरकारी अस्पतालों में निशुल्क उपचार की सुविधा।
- किसानों की फसलों की एमएसपी पर खरीद और भावांतर भरपाई योजना का लाभ।
- महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर और विभिन्न आर्थिक सहायता योजनाओं का लाभ।
- मोहाली-राजपुरा रेल बाईपास परियोजना को प्रधानमंत्री की मंजूरी मिलने की जानकारी।
- राजपुरा को सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र बताया।
- समाज सुधारकों और विभिन्न क्षेत्रों की महान हस्तियों के योगदान को याद किया।

# आमजन को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में अधिकारी निभाएं जिम्मेदारी: राव

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/झज्जर**

हरियाणा के उद्योग, वाणिज्य, वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आमजन को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में अपनी जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें तथा सरकार की योजनाओं और सेवाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राव नरबीर सिंह शुक्रवार को झज्जर में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कुल 16 परिवाद प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 10 मामलों का मौके पर ही निपटान कर दिया गया।

### बैठक में कुल 16 परिवाद रखे गए

- बैठक में कुल 16 परिवाद रखे गए, जिनमें से 10 का मौके पर निपटान किया गया।
- अधिकारियों को आमजन तक सरकारी सेवाओं और योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।
- मानसून से पहले जिले की सभी सड़कों की मरम्मत और गड्ढे भरने के आदेश।
- गांव भंभेवा में अवैध कब्जे हटाने के बाद दोबारा अतिक्रमण होने पर कानूनी कार्रवाई के निर्देश।
- गांव महराना में दूषित जलभराव की समस्या एक सप्ताह में दूर करने के आदेश। गांव डीघल के अस्पताल मृत्यु मामले की पुन: जांच के लिए उपायुक्त को निर्देश। जनस्वास्थ्य विभाग को जलभराव रोकने के निर्देश

बैठक के दौरान मंत्री ने मानसून सीजन को देखते हुए जिले की सभी सड़कों की स्थिति सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां भी सड़कें टूटी हुई हैं या गड्ढे बने हुए हैं, उनकी तत्काल मरम्मत करवाई जाए ताकि बरसात के दौरान लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। गांव भंभेवा निवासी रामनिवास ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी गली में कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। इस पर बेरी के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ने बताया कि कब्जा हटवा दिया गया है। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण होने पर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। गांव महराना निवासी धर्मबीर सिंह ने अपने क्षेत्र में दूषित जलभराव की समस्या उठाई। इस पर राव नरबीर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर मिट्टी भराव कर समस्या का स्थायी समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में गांव डीघल निवासी बुधराम ने चार वर्ष पूर्व सरकारी अस्पताल में उपचार के दौरान अपने भाई की मृत्यु के मामले की जांच पर असंतोष जताया। मंत्री ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त को अपने स्तर पर पुनः परीक्षण करने के निर्देश दिए ताकि शिकायतकर्ता को न्याय मिल सके। राव नरबीर सिंह ने सिंचाई विभाग, बिजली विभाग, पंचायती राज विभाग और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून के दौरान किसी भी गांव में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने गांवों के जोहड़ों और पंचायत भूमि से अवैध कब्जे हटाने तथा सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जनता की समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करना चाहिए, ताकि लोगों का शासन-प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो सके।

# हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में दो महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। सरकार ने सोनीपत के 200 बिस्तरों वाले नागरिक अस्पताल को 300 बिस्तरीय अस्पताल में अपग्रेड करने तथा हिसार जिले के पनिहार चक गांव में नया उप-स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने को मंजूरी दे दी है। इससे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लाखों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी राज्य के प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी सोच के तहत इन दोनों प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई है।

**सोनीपत अस्पताल के विस्तार से मिलेंगे कई लाभ**

200 बिस्तरों वाले अस्पताल की क्षमता बढ़ाकर 300 बिस्तर की जाएगी।

गंभीर मरीजों को बेड के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

नए वार्डों का निर्माण किया जाएगा।

अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।

अतिरिक्त डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति होगी।

मरीजों और उनके परिजनों पर आर्थिक व मानसिक बोझ कम होगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सोनीपत नागरिक अस्पताल पर वर्तमान में मरीजों का काफी दबाव है। क्षमता बढ़ने से न केवल इलाज की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि अधिक मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।

**पनिहार चक में उप-स्वास्थ्य केंद्र से ग्रामीणों को राहत**

हिसार जिले के पनिहार चक गांव में नया उप-स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किया जाएगा।

आसपास के गांवों के लोगों को घर के नजदीक स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।

सामान्य बीमारियों के इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी।

नियमित टीकाकरण सेवाएं सुलभ होंगी।

- सोनीपत नागरिक अस्पताल 200 से बढ़कर 300 बिस्तरों का होगा।
- हिसार के पनिहार चक में नया उप-स्वास्थ्य केंद्र खुलेगा।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दोनों प्रस्तावों को मंजूरी दी।
- अस्पताल में नए वार्ड, आधुनिक उपकरण और अतिरिक्त स्टाफ की व्यवस्था होगी।

# मानसून से पहले स्वास्थ्य संस्थानों को बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने राज्य भर के सभी सिविल सर्जनों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को आगामी मानसून सीजन से पहले व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को उपयुक्त पेड़ों की प्रजातियों का बड़े पैमाने पर रोपण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसका उद्देश्य पर्यावरण को हरा-भरा बनाना और मरीजों, आगंतुकों (विजिटर्स) तथा स्वास्थ्य कर्मियों के लिए अधिक स्वस्थ माहौल तैयार करना है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि मानसून के आगमन के साथ ही पौधे जीवित रहने की उच्च दर के कारण वृक्षारोपण गतिविधियों के लिए स्थितियां आदर्श हो जाती हैं। इसलिए, विभाग ने जिला स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे योजनाबद्ध तरीके से इस वृक्षारोपण अभियान को चलाने के लिए स्थानीय प्रशासन और बागवानी विभागों के साथ मिलकर काम करें।

# 912 करोड़ से अधिक के बिजली अवसंरचना विस्तार को मंजूरी

### स्वीकृति

- विचार अनुमोदन हेतु पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन तथा ऊर्जा मंत्रालय को भेजने की भी स्वीकृति

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में बिजली क्षेत्र में सुधारों को आगे बढ़ाते हुए मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता वाली वितरण सुधार समिति (डीआरसी) ने संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत 912.70 करोड़ रुपये के अतिरिक्त बिजली अवसंरचना कार्यों को मंजूरी प्रदान की है। समिति ने प्रस्ताव को आरडीएसएस की मॉनिटरिंग समिति के विचार एवं अनुमोदन हेतु पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) तथा ऊर्जा मंत्रालय को भेजने की भी स्वीकृति दी है। यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब हरियाणा की बिजली वितरण कंपनियां देश की सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली यूटिलिटीज में शामिल होकर लाइन लॉस में उल्लेखनीय कमी और परिचालन दक्षता में महत्वपूर्ण सुधार दर्ज कर चुकी हैं। बैठक में मुख्य सचिव ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) और उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) द्वारा लागू की जा रही आरडीएसएस परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और हाल के वर्षों में राज्य के बिजली क्षेत्र में हुए परिवर्तन की सराहना की। समीक्षा के दौरान सकल तकनीकी एवं वाणिज्यिक (एटीएंडसी) लॉस में तीव्र कमी को प्रमुख उपलब्धि के रूप में रेखांकित किया गया।




# कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के बोर्ड व निगमों के लिंक अधिकारी नामित

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के विभिन्न बोर्डों व निगमों में प्रशासनिक कार्यों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिंक अधिकारी नामित किए हैं। नामित लिंक अधिकारी स्थानांतरण, सेवानिवृत्ति, अवकाश, प्रशिक्षण, दौरे अथवा चुनाव ड्यूटी जैसी परिस्थितियों में किसी पद के रिक्त होने पर नामित लिंक अधिकारी संबंधित कार्यालयों का कामकाज देखेंगे। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, हरियाणा राज्य भंडारण निगम के प्रबंध निदेशक के पद के लिए महानिदेशक/निदेशक, कृषि को लिंक अधिकारी-1, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एचएसएएमबी) के मुख्य प्रशासक को लिंक अधिकारी-2 तथा हरियाणा इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चर मार्केटिंग कॉरपोरेशन, गन्नौर के प्रबंध निदेशक को लिंक अधिकारी-3 नामित किया गया है। इसी प्रकार, एचएसएएमबी के मुख्य प्रशासक के पद के लिए हरियाणा इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चर मार्केटिंग कॉरपोरेशन, गन्नौर के प्रबंध निदेशक को लिंक अधिकारी-1, महानिदेशक/निदेशक, कृषि को लिंक अधिकारी-2 तथा हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक को लिंक अधिकारी-3 नियुक्त किया गया है। हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के पद हेतु महानिदेशक/निदेशक, कृषि को लिंक अधिकारी-1, हरियाणा इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चर मार्केटिंग कॉरपोरेशन, गन्नौर के प्रबंध तथा हरियाणा राज्य भंडारण निगम के प्रबंध निदेशक को लिंक अधिकारी-3 बनाया गया है।

### जिम्मेदारी

- एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक को लिंक अधिकारी-3 नियुक्त किया गया

# खेल नर्सरियों पर बड़ा एक्शन, नियमों की अनदेखी करने वाली 10 नर्सरियां बंद

## खेल व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने प्रदेश में खेल व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। खेल नर्सरियों में सामने आई अनियमितताओं पर कड़ा रुख अपनाते हुए उन्होंने नियमों का पालन नहीं करने वाली 10 खेल नर्सरियों को तत्काल प्रभाव से बंद करने के आदेश जारी किए हैं। मंत्री की इस कार्रवाई को खेल विभाग में जवाबदेही तय करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। खेल मंत्री ने हाल ही में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर प्रदेशभर की खेल नर्सरियों की विस्तृत ग्राउंड रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए थे। विभाग से प्राप्त रिपोर्ट के अध्ययन के बाद यह कार्रवाई की गई। जांच में कई नर्सरियों में गंभीर कमियां और नियमों की अनदेखी सामने आई।

### गंभीर अनियमितताएं सामने आई

- खेल मंत्री गौरव गौतम ने 10 खेल नर्सरियां बंद करने के आदेश दिए।
- ग्राउंड रिपोर्ट में गंभीर अनियमितताएं और कमियां सामने आईं।
- नूंह, यमुनानगर, हिसार और भिवानी की नर्सरियां कार्रवाई की जद में आईं।
- खेल उपकरणों, मैदानों और खिलाड़ियों की उपस्थिति में खामियां मिलीं।
- अन्य खेल नर्सरियों की भी व्यापक जांच जारी है।
- लापरवाह अधिकारियों और कोचों को सख्त चेतावनी दी गई।

**जांच में सामने आई प्रमुख खामियां**

- खिलाड़ियों के लिए आवश्यक खेल उपकरणों की कमी।
- आधुनिक और बुनियादी खेल सामग्री का अभाव।
- खेल मैदानों का खराब रखरखाव।
- खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर पर्याप्त इंतजाम नहीं।
- रिकॉर्ड में दर्ज खिलाड़ियों और वास्तविक उपस्थिति में भारी अंतर।
- खेल गतिविधियों के संचालन में नियमों की अनदेखी।
- खेल मंत्री के अनुसार जिन नर्सरियों को बंद किया गया है, उनमें नूंह, यमुनानगर, हिसार और भिवानी जिलों की खेल नर्सरियां शामिल हैं।

**बंद की गई खेल नर्सरियां**

- नूंह के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल की 3 खेल नर्सरियां।
- यमुनानगर के शहीद परमिंद्र सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, तेजली की साइक्लिंग नर्सरी।
- हिसार के आर्य नगर स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की बॉक्सिंग नर्सरी।

## संपादकीय

# भारत-बांग्लादेश संबंधों में बढ़ता अविश्वास

**भारत** और बांग्लादेश के संबंध दक्षिण एशिया की कूटनीति में विशेष महत्व रखते हैं। वर्ष 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता के समय भारत ने जिस प्रकार राजनीतिक, सैन्य और मानवीय सहयोग प्रदान किया, उसने दोनों देशों के बीच मैत्री और विश्वास की मजबूत नींव रखी। पिछले पाँच दशकों में व्यापार, सुरक्षा, ऊर्जा, संपर्क, जल संसाधन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। भारत की ₹पड़ोसी प्रथम₹ नीति तथा बांग्लादेश की विकासोन्मुख विदेश नीति ने भी संबंधों को नई ऊँचाइयाँ प्रदान की हैं। इसके बावजूद हाल के वर्षों में दोनों देशों के संबंधों में तनाव और अविश्वास के संकेत दिखाई दिए हैं। यह स्थिति इस तथ्य को रेखांकित करती है कि पड़ोसी देशों के साथ संबंध केवल रणनीतिक हितों से संचालित नहीं होते, बल्कि उनमें संवेदनशीलताओं, जनभावनाओं और पारस्परिक सम्मान का भी महत्वपूर्ण स्थान होता है। भारत और बांग्लादेश लगभग 4,096 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं, जो भारत की किसी भी पड़ोसी देश के साथ सबसे लंबी स्थलीय सीमा है। दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक, भाषाई और ऐतिहासिक संबंध मौजूद हैं। पिछले एक दशक में भूमि सीमा समझौता, सीमा प्रबंधन, आतंकवाद विरोधी सहयोग, ऊर्जा व्यापार तथा क्षेत्रीय संपर्क परियोजनाओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। बांग्लादेश आज भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र को मुख्य भूमि से जोड़ने में भी उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए दोनों देशों के बीच विश्वास और सहयोग केवल द्विपक्षीय नहीं बल्कि पूरे दक्षिण एशिया की स्थिरता और समृद्धि के लिए आवश्यक है। हाल के समय में बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में हुए बदलावों ने द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित किया है। सत्ता परिवर्तन, राजनीतिक अस्थिरता और विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच प्रतिस्पर्धा के कारण भारत की भूमिका को लेकर अलग-अलग धारणाएँ विकसित हुई हैं। बांग्लादेश के कुछ राजनीतिक समूहों में यह धारणा बनी कि भारत किसी विशेष राजनीतिक शक्ति के प्रति अधिक सहानुभूति रखता है, जबकि भारत अपनी ओर से स्थिरता और विकास को प्राथमिकता देने की बात करता रहा है। इस प्रकार की धारणाएँ चाहे तथ्यात्मक रूप से सही हों या नहीं, वे विश्वास के वातावरण को प्रभावित करती हैं और संबंधों में मनोवैज्ञानिक दूरी उत्पन्न करती हैं। तीस्ता नदी के जल बँटवारे का मुद्दा लंबे समय से दोनों देशों के बीच एक प्रमुख विवाद का विषय बना हुआ है। बांग्लादेश के लिए तीस्ता नदी का जल कृषि और आजीविका की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। कई वर्षों से प्रस्तावित समझौता विभिन्न कारणों से लंबित है, जिससे बांग्लादेश में यह भावना विकसित हुई है कि उसकी चिंताओं को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिल रही।

# नेताओं की मजबूरी पर वफादारी का चोला

संजय सक्सेना

> "राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि टीएमसी सांसदों का समर्थन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को मिलता है, तो सरकार के लिए परिसीमन और एक देश-एक चुनाव जैसे महत्वपूर्ण विधेयकों को आगे बढ़ाना आसान हो सकता है। बागी गुट अपने कुनबे को बढ़ाने के लिए लगातार सांसदों का समर्थन जुटा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम में यह तीन नेता एक अजीब कशमकश में फंसे हुए हैं। एक तरफ बागी खेमा है जो भाजपा का दामन थामने की तैयारी कर रहा है, दूसरी तरफ ममता बनर्जी का खेमा है"

**राजनीति** में वफादारी और मजबूरी के बीच की लकीर अक्सर इतनी पतली होती है कि आम आदमी तो क्या, खुद नेता भी भूल जाते हैं कि वे किस तरफ खड़े हैं। तृणमूल कांग्रेस के तीन सांसदों शत्रुघ्न सिन्हा, कीर्ति आजाद और बाबुल सुप्रियो की कहानी इसी सच्चाई की एक जीती-जागती मिसाल है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की पार्टी की करारी हार के बाद जब पार्टी के करीब बीस सांसद बगावत पर उतर आए और मोदी सरकार के साथ खड़े होने का एलान कर दिया, तब यही तीनों नेता दीदी यानी ममता बनर्जी की वफादारी का ढिंढोरा पीटने में लगे हैं। शत्रुघ्न सिन्हा ने बयान दिया कि वे ममता जी के साथ हैं और हमेशा टीएमसी में ही रहेंगे। कीर्ति आजाद ने भी संकट की इस घड़ी में ममता बनर्जी का हाथ थामे रखने का एलान किया। लेकिन जो बात इन बयानों के पीछे छिपी है, वह यह है कि इन नेताओं के पास फिलहाल कोई और चारा है भी नहीं। सबसे पहले बात शत्रुघ्न सिन्हा की। शत्रुघ्न सिन्हा ने भले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के खिलाफ जाकर भाजपा छोड़ी थी, लेकिन भाजपा में आज भी उनके कई पुराने मित्र मौजूद हैं। यही कारण है कि जब टीएमसी में तूफान आया तो उनकी चुप्पी ने सबको चौंकाया। वे न बागी खेमे में नजर आए, न ममता के साथ खुलकर। लेकिन जब यह साफ हो गया कि भाजपा उनके लिए अपने दरवाजे खोलने के मूड में नहीं है, तो उनकी कथित वफादारी की घोषणा सामने आ गई। बता दें, शत्रुघ्न सिन्हा लंबे समय तक भाजपा के चमकते सितारे रहे। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में वे केंद्रीय मंत्री रहे। लेकिन धीरे-धीरे पार्टी में उनकी पूछ कम होती गई। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब भाजपा ने नई करवट ली तो पुरानी पीढ़ी के कई नेताओं को हाशिये पर धकेल दिया गया। शत्रुघ्न सिन्हा पार्टी में घुट-घुटकर रहते रहे और अंदर ही अंदर असंतोष पकता रहा। 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने भाजपा से नाता तोड़ लिया और कांग्रेस के टिकट पर पटना साहिब से चुनाव लड़े, लेकिन हार गए। इसके बाद उनका राजनीतिक सफर भटकाव का शिकार रहा और



अंततः वे तृणमूल कांग्रेस में आ गए। 2024 के लोकसभा चुनाव में शत्रुघ्न सिन्हा आसनसोल से करीब साठ हजार वोटों से जीते। लेकिन यह जीत उनकी अपनी नहीं, ममता बनर्जी की लहर थी। अब जब वही लहर उतर रही है, तो उनके पास लौटने के लिए कोई ठिकाना नहीं है। कीर्ति आजाद की कहानी तो और भी दिलचस्प है। दिसंबर 2015 में दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ में कथित अनियमितताओं तथा भ्रष्टाचार को लेकर तत्कालीन केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली को खुले तौर पर निशाना बनाने के लिए उन्हें भाजपा से निलंबित कर दिया गया था। वे 2018 में कांग्रेस में शामिल हो गए थे। कांग्रेस ने उन्हें 2019 में धनबाद से टिकट दिया, लेकिन वहां भी उन्हें मुंह की खानी पड़ी। इसके बाद 2024 में वे तृणमूल कांग्रेस के जरिये बर्धमान-दुगार्पुर से लोकसभा पहुंचे। कीर्ति आजाद इस सीट से करीब 14 हजार वोटों से जीते। इस तरह एक ऐसे नेता जो कभी भाजपा के दिग्गज क्रिकेटर-सांसद हुआ करते थे, उनकी राजनीतिक यात्रा भाजपा से कांग्रेस और कांग्रेस से टीएमसी तक आ पहुंची। अब भाजपा उनसे दूरी बनाए हुए है और कांग्रेस भी उन्हें वापस लेने की स्थिति में नहीं है, इसलिए मजबूरी यही है कि ममता की डूबती नैया को थामे रखो और उसे वफादारी का नाम दो। बाबुल सुप्रियो की कहानी इन दोनों से थोड़ी अलग लेकिन उसी धागे में पिरोई हुई है। वे आसनसोल से दो बार सांसद रहे और नरेंद्र मोदी सरकार में केंद्रीय राज्यमंत्री भी रहे। लेकिन 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद जब भाजपा को बंगाल में करारी हार मिली और पार्टी के भीतर आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ, तो बाबुल सुप्रियो ने भी भाजपा से मुंह मोड़ लिया। तत्कालीन केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद टीएमसी में शामिल होने वाले नेताओं में शामिल थे। तृणमूल ने उन्हें बालीगंज विधानसभा उपचुनाव में उतारा और वे जीत भी गए। लेकिन विधायक बनने के बाद भी उनकी राजनीतिक हैसियत वही नहीं रही जो कभी केंद्रीय मंत्री के रूप में थी। अब जब टीएमसी खुद संकट में है, तो भाजपा की ओर उनकी नजर स्वाभाविक रूप से जाती है, लेकिन भाजपा उन्हें पार्टी में वापस लेने की कोई इच्छा नहीं रखती। उधर, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद से तृणमूल कांग्रेस के भीतर अब तक का सबसे बड़ा और भयंकर युद्ध छिड़ा हुआ है।

टीएमसी के बीस सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलकर उन्हें एक पत्र सौंपा है जिसमें अलग गुट बनाने की सूचना देते हुए लोकसभा में अलग बैठने की जगह देने की मांग की गई है। दलबदल विरोधी कानून से बचने के लिए लोकसभा में कम से कम उन्नीस सांसदों का समर्थन आवश्यक है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि टीएमसी सांसदों का समर्थन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को मिलता है, तो सरकार के लिए परिसीमन और एक देश-एक चुनाव जैसे महत्वपूर्ण विधेयकों को आगे बढ़ाना आसान हो सकता है। बागी गुट अपने कुनबे को बढ़ाने के लिए लगातार सांसदों का समर्थन जुटा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम में यह तीन नेता एक अजीब कशमकश में फंसे हुए हैं। एक तरफ बागी खेमा है जो भाजपा का दामन थामने की तैयारी कर रहा है, दूसरी तरफ ममता बनर्जी का खेमा है। शत्रुघ्न सिन्हा, कीर्ति आजाद और बाबुल सुप्रियो न उस पार जा सकते हैं, न इस पार रह सकते हैं। बागी खेमे के साथ जाने का मतलब होगा भाजपा के दरवाजे पर दस्तक देना, लेकिन भाजपा उनके लिए वह दरवाजा खोलने को तैयार नहीं है। ऐसे में ममता के साथ बने रहना इनकी मजबूरी है, लेकिन यह तीनों इसे वफादारी का नाम देकर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। बहरहाल, उक्त तीन के अलावा तृणमूल कांग्रेस में और भी कई ऐसे नेता हैं जिनके लिए भाजपा के दरवाजे बंद हैं। महुआ मोइत्रा, सौगात रॉय, और सायोनी घोष जैसे नाम टीएमसी के उन चेहरों में शामिल हैं जो भाजपा के लिए स्वीकार्य नहीं हो सकते। महुआ मोइत्रा का राजनीतिक और वैचारिक रुख भाजपा के एकदम विपरीत रहा है और वे लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर रहती हैं। सौगात रॉय वामपंथी झुकाव वाले वरिष्ठ नेता हैं जिनका भाजपा से कोई तालमेल कभी नहीं बैठा। इनके अलावा वे टीएमसी विधायक और नेता जो भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे हुए हैं, उनके लिए भी भाजपा की जगह तंग है। गौरतलब हो, राजनीति का यह खेल बड़ा निर्मम होता है। जब तक हवा अनुकूल रहती है, तब तक दावेदारी होती है। जब हवा पलट जाती है, तब मजबूरियां सामने आती हैं और उन्हें सिद्धांत का जामा पहना दिया जाता है। शत्रुघ्न सिन्हा, कीर्ति आजाद और बाबुल सुप्रियो तीनों ने अपनी-अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के चलते भाजपा को छोड़ा। तीनों ने यह भी नहीं सोचा होगा कि एक दिन वापसी का रास्ता बंद हो जाएगा। आज वे ममता बनर्जी की वफादारी की बात करते हैं, लेकिन असल में यह वफादारी नहीं, एक सियासी मजबूरी है जिसने वफादारी का चोला ओढ़ लिया


**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून


# तृण तृण बिखरती तृणमूल

मृत्युंजय दीक्षित

**जब** 4 मई 2026 को बंगाल जनता ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल सरकार की विदाई का जनादेश सुनाया तब किसी ने भी सपने नहीं सोचा था कि इस हार के बाद तृणमूल कांग्रेस तृण तृण होकर बिखरने लगेगी। बंगाल विधानसभा में तृणमूल के 80 विधायक जीतकर आए थे जिनमें से पहले 58 विधायक अलग हुए फिर उनकी संख्या बढ़कर 64 हो गई, नेता प्रतिपक्ष भी उन्होंने अपने मन का बना लिया। लोकसभा में 19 सांसदों ने बागी होकर अलग गुट बना लिया है, बागियों की संख्या आगे भी बढ़ सकती है। राज्यसभा सांसदों के त्यागपत्र भी आ रहे हैं। राज्यसभा सांसद सुखेदु शेखर रॉय और सुष्मिता देव तथा प्रकाश चिक बराईक इस्तीफा दे चुके हैं। आश्चर्यजनक रूप से ममता के सबसे करीबी कल्याण बनर्जी भी बगावती तेवर दिखा रहे हैं। जिला और पंचायत स्तर पर भी पार्टी की यही स्थिति है। मात्र एक महीना पहले तक यही सांसद और विधायक ममता दीदी के साथ साए की तरह लगे रहते थे। जैसे ही बंगाल की जनता ने सत्ता बदली इन नेताओं का रुख बदल गया। आज ये नेता जिन विषयों पर ममता और अभिषेक बनर्जी को कोस रहे हैं सत्ता में रहते हुए कभी उन विषयों पर मुंह नहीं खोला, आर.जी. कर और संदेशखाली तक ये लोग मुंह में दही जमाए थे। राजनैतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि इनमें से कई लोग ऐसे भी हैं जिनके ऊपर कोई न कोई केस चल रहा है और सत्ता जाने के बाद ममता दीदी में इनको बचाने का सारथ्य नहीं रहे तो ये भविष्य में किसी जांच और सजा से बचने के लिए ऐसा कर रहे हैं। तृणमूल सांसदों व विधायकों की लगातार बगावत से यह संकेत भी जा रहा है कि क्या ममता दीदी का अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी के प्रति अधिक झुकाव उनकी पार्टी की इस हालत का कारण है। इससे तृणमूल के बागी नेताओं के स्वार्थी चरित्र की भी पोल खुल रही है। दल में तानाशाही इनको तब दिखाई दी जब सत्ता की मलाई छीन गई, यदि अभिषेक बनर्जी की अगुआई में पार्टी जीत गई होती और इनका लूट खसोट का धंधा चलता रहता तो इनकी आज जागी हुई आत्मा सोई पड़ी रहती। आज जो सांसद बगावती तेवर अपना रहे हैं उनमें से दस पहली बार चुनकर आए हैं। ये तृणमूल नेताओं की वो पीढ़ी है जिसे ममता बनर्जी ने बीजेनी के खिलाफ लड़ाई का नया चेहरा बनाकर आगे बढ़ाया था। अब यही लोग अपना भविष्य सुधारने के लिए ममता दीदी के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, क्योंकि ये जानते हैं बंगाल में सत्ता में आई पार्टियाँ कम से कम डेढ़ -दो दशक सता में रहती हैं, इस तरह आने वाले 15-20 वर्षों तक इनका कोई भविष्य नहीं होगा। तृणमूल नेताओं के प्रति जनता के गुस्से का आलम ये है कि चुनाव में पार्टी को धूल चटाने के बाद भी उसका मन नहीं भरा है। आए दिन तृणमूल नेताओं की सड़कों पिटाई की जा रही है। तृणमूल नेता जहां भी जाते हैं जनता उन्हें चोर -चोर कहकर पुकारती है और उन पर टमाटर - अंडे फेंकती है। अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी जैसे नेताओ तक पर अंडे टमाटर फेंके जा चुके हैं।

## विचार

# मोदी सरकार के ऐतिहासिक 12 साल

डॉ. ओपी त्रिपाठी, चिकित्सक एवं लेखक

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने सफल 12 साल पूरे कर लिए हैं। इस ऐतिहासिक पड़ाव पर प्रधानमंत्री ने 12 सालः विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के संकल्प के साथ देश की प्रगति का एक विस्तृत ब्यौरा जारी किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार के पिछले 12 वर्ष विश्वास, विकास और जन कल्याण को समर्पित रहे हैं। सत्ता शीर्ष पर बारह साल के कार्यकाल के दौरान अनेक विशिष्ट उपलब्धियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हिस्से में आई हैं। एक विशेष उपलब्धि यह भी है कि पहले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। पं. नेहरू ने पहले आम चुनाव के बाद 13 मई, 1952 को विधिवत निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल शुरू किया, जो 1964 तक चला। वहीं नरेंद्र मोदी ने 26 मई, 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ 9 जून, 2024 को ली। निश्चय ही भारत जैसे विशाल, सांस्कृतिक विविधता वाले तथा दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश का इतने लंबे समय तक प्रधानमंत्री बने रहना एक बड़ी उपलब्धि कही जाएगी। भाजपा नीत राजग गठबंधन सरकार के हिस्से में यूं तो कई उपलब्धियां हैं, लेकिन एक सशक्त केंद्र सरकार देश की एकता-अखंडता के लिए प्रतिबद्ध रही है। निस्संदेह, मोदी युगीन इन बारह सालों को अनुच्छेद-370 हटाने, नक्सलवाद के खात्मे, आतंकवाद के खिलाफ आक्रामक सुरक्षा नीति, आध्यात्मिक पर्यटन, महिला आरक्षण, डिजिटल इंडिया मुहिम, तीन तलाक से मुक्ति व आर्थिक आरक्षण की उपलब्धियों के लिए याद किया जाएगा। निस्संदेह, कुछ फैसले ऐसे रहे हैं जिन्होंने देश को नई दिशा दी। लोगों को गरिमा व अवसर दिलाने के उद्देश्य से प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, स्वच्छ भारत, पीएम आवास योजना और आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं बदलावकारी कही जाती हैं। साथ ही उन लोगों को अंत्योदय दृष्टि से प्रेरित होकर लाभ देने की कोशिश हुई, जो असमानता के चलते पीछे छूट गए थे। बड़ी संख्या में जनधन खाते खोले जाने का लाभ विशेष रूप से महिलाओं को मिला। जहां डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से जहां लोगों को समय पर मदद मिली, वहीं बिचौलियों पर नकेल कसने से भ्रष्टाचार पर अंकुश भी लगा। मोदी सरकार ने देश, एक कर की सोच को जीएसटी लागू करके हकीकत बनाया।

जब नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री की कुर्सी पर विराजे थे तो उन्होंने उद्घोष किया था कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा। यह हकीकत है मानवीय दुर्बलताओं और समाज में लगातार बढ़ती भौतिकवाद की सोच के चलते समाज में भ्रष्टाचार पर अपेक्षित लगाम नहीं लगी, लेकिन उनके कार्यकाल में कोई मंत्री प्रत्यक्ष तौर पर किसी बड़े भ्रष्टाचार में लिप्त नजर नहीं आया। निस्संदेह, खाड़ी संकट के चलते महंगे हुए पेट्रोलियम पदार्थों से महंगाई असर दिखा रही है, लेकिन समय रहते प्रबंधन के चलते वैसे हालात भी नहीं पैदा हुए, जैसे हमारे पड़ोसी देशों में नजर आ रहे हैं। अमेरिका दबाव के बावजूद रणनीतिक ढंग से रूस से सस्ता तेल खरीदकर मोदी सरकार ने जहां देश के आपातकालीन पेट्रोलियम भंडारण को बढ़ाया, वहीं दुर्लभ विदेशी मुद्रा की भी बचत की। आज देश ने कच्चे तेल के खरीद के विकल्पों को विस्तार दिया है, जो संकटकाल में मददगार साबित हुए हैं। यह अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री द्वारा सौर ऊर्जा, स्वच्छ ऊर्जा आदि वैकल्पिक संसाधनों के लिए जो अभियान चलाए गए, उन्होंने पश्चिम एशिया संकट के दौरान देश की आर्थिकी को संबल दिया। एक समय विपक्षी नेता पेट्रोल में इथेनॉल मिलाए जाने को लेकर आलोचना कर रहे थे, लेकिन यह फैसला मौजूदा ऊर्जा संकट में मददगार साबित हुआ। कोरोना संकट, रूस-यूक्रेन युद्ध, इजरायल-हमास संघर्ष और फिर ईरान अमेरिका-इजरायल युद्ध के संकट से पूरी दुनिया की आपूर्ति श्रृंखला बुरी तरह प्रभावित हुई है, लेकिन राजग सरकार इन चुनौतियों का बखूबी मुकाबला करती नजर आई। देश के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा में लाना सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता रही है। इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए सरकार ने देश के लगभग 81 करोड़ से अधिक लोगों को हर महीने मुफ्त राशन की व्यवस्था सुनिश्चित की है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी

समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)

मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)

'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# भारत में कब होगी बालिका शिक्षा शत-प्रतिशत

संजीव

**यदि** आप एक पुरुष को शिक्षित करते हैं तो एक व्यक्ति शिक्षित होता है, लेकिन यदि आप एक स्त्री को शिक्षित करते हैं तो पूरा परिवार शिक्षित होता है।₹ महात्मा ज्योतिराव फुले।

भारत विश्व की सबसे प्राचीन ज्ञान परंपराओं वाला देश रहा है। तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला और वल्लभी जैसे विश्वविद्यालयों ने विश्व को शिक्षा का प्रकाश दिया। वैदिक काल में शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्ति के बौद्धिक, नैतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक विकास को सुनिश्चित करना था। गार्गी, मैत्रेयी और लोपामुद्रा जैसी विदुषी महिलाओं ने सिद्ध किया था कि भारतीय संस्कृति में नारी शिक्षा का गौरवशाली इतिहास रहा है। किंतु मध्यकालीन सामाजिक रूढ़ियों और औपनिवेशिक शासन के प्रभाव से बालिका शिक्षा पिछड़ती चली गई। 1835 में लॉर्ड मैकाले ने अंग्रेजी शिक्षा प्रणाली लागू की। इसका उद्देश्य भारतीय समाज में ऐसे कर्मचारियों का वर्ग तैयार करना था जो अंग्रेजी शासन के प्रशासनिक कार्यों को संचालित कर सके। आधुनिक विज्ञान और अंग्रेजी भाषा के प्रसार में इस शिक्षा प्रणाली का योगदान रहा, किंतु इसने भारतीय ज्ञान परंपरा, नैतिक शिक्षा और कौशल आधारित शिक्षण को काफी हद तक हाशिए पर पहुंचा दिया। उस समय महिलाओं की शिक्षा लगभग नगण्य थी। समाज में बाल विवाह, पर्दा प्रथा और लैंगिक असमानता जैसी कुरीतियां लड़कियों की शिक्षा में बड़ी बाधा थीं।

समाज सुधारकों का योगदान

ऐसे कठिन समय में सावित्रीबाई फुले और महात्मा ज्योतिराव फुले ने बालिका शिक्षा की अलख जगाई। 1848 में उन्होंने लड़कियों के लिए पहला आधुनिक विद्यालय प्रारंभ किया।

ईश्वरचंद्र विद्यासागर ने महिला शिक्षा और सामाजिक सुधारों को नई दिशा दी। बाद में महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव अंबेडकर तथा स्वामी विवेकानंद ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम माना। शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो।

स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारत की साक्षरता दर लगभग 18 प्रतिशत थी।

# हे रिमोट महाराज! और कितना पिटोगे!

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

ड्राइंग रूम की धुंधली रोशनी में टीवी रिमोट किसी दिव्य ब्रह्मास्त्र की तरह सोफे के कुशन पर आराम फरमा रहा था। हम सब जानते हैं कि जब उसकी स्क्रीन धुंधली होती है और चैनल बदलने की गति कछुए से भी धीमी हो जाती है तब घर का हर सदस्य एक मूक वैज्ञानिक बन जाता है। हमारी रगों में बहता स्वदेशी जुगाड़ हमें प्रेरित करता है कि हम नई बैटरी खरीदने के बजाय उस प्लास्टिक के टुकड़े को उसकी औकात याद दिलाएं। जैसे ही स्टार स्पोर्ट्स पर अंतिम ओवर की पहली गेंद फेंकने की तैयारी हुई रिमोट ने अचानक दम तोड़ दिया। पिताजी के चेहरे पर वैसे ही भाव उभरे जैसे किसी अंतरिक्ष यात्री का ऑक्सीजन सिलेंडर अंतरिक्ष में खत्म हो गया हो। उन्होंने रिमोट को हाथ में लिया और उसे इस तरह निहारा जैसे कोई जौहरी नकली हीरे को परख रहा हो। पहली बार में उन्होंने उसे हौसले के साथ सोफे की गद्दी पर पटका ताकि उसके भीतर सोए हुए रासायनिक कण जाग जाएं। यह भारतीय परिवारों का वह आदिम विश्वास है जो मानता है कि दुनिया की हर तकनीकी समस्या का समाधान केवल दो थप्पड़ मारकर ही निकाला जा सकता है। रिमोट को ठोकना सिर्फ एक शारीरिक क्रिया नहीं है बल्कि यह हमारे भीतर छुपे उस इंजीनियर का जागना है जो मानता है कि घर्षण से ही अग्नि पैदा होती है और ठोकर से ही इंसान और रिमोट सुधरते हैं। जब पहली चोट के बाद भी चैनल नहीं बदला तो माताजी ने मोर्चा संभाला और उनके चेहरे पर एक रहस्यमयी मुस्कान तैर गई।

उनका मानना था कि रिमोट को सिर्फ पीटना काफी नहीं है बल्कि उसे सही कोण और सही दिशा में घुमाना भी जरूरी है। उन्होंने रिमोट को अपने आंचल से पोंछा जैसे कोई मां अपने लाडले को परीक्षा से पहले तिलक लगा रही हो। फिर उन्होंने उसे टीवी की तरफ ऐसे ताना मानो वह कोई तीर कमान हो जिससे सीधे महिषासुर का वध करना हो। हमारा यह अंधविश्वास कितना गहरा है कि हम रिमोट के सेल को निकालने के बजाय अपनी कलाई की ताकत पर ज्यादा भरोसा करते हैं। माताजी ने रिमोट के पिछले ढक्कन को खोला और दोनों सेलों की आपस में अदला बदली कर दी।

## न्यूज फ्लैश

### चोरी करने वाले दो गैंग काबू, 6 चोर, 2 कबाड़ी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में सरकारी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों से मिड्डे मील का सामान चोरी करने वाले 2 गैंग का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। सीआईए-3 टीम ने कार्रवाई करते हुए 6 चोरों और चोरी का सामान खरीदने वाले 2 कबाडियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने जिले के अलग-अलग इलाकों में 24 वारदातों को अंजाम दिया था, जिससे स्कूलों में मिड डे मील बनाने में दिक्कतें आ रही थीं। इस दौरान अलग-अलग थानों में 16 मामले दर्ज हुए, जिसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की।

करनाल जिले में पिछले 3 महीनों से सरकारी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों से मिड्डे मील का राशनए गैस सिलेंडर, बर्तन और अन्य सामान लगातार चोरी हो रहा था। कई जगहों पर राशन गायब होने के कारण बच्चों के लिए खाना तक नहीं बन पा रहा था। डीएसपी राजीव कुमार ने बताया कि लगातार हो रही वारदातों से यह स्पष्ट हो गया था कि इसके पीछे कोई संगठित गिरोह काम कर रहा है। एसपी करनाल के निर्देश पर मामले की जांच सीआईए-3 को सौंपी गई। इंस्पेक्टर अजय कुमार के नेतृत्व में टीम ने सूचना के आधार पर 9 जून को चिढ़ाव मोड़ से 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। अगले दिन उन्हें कोर्ट में पेश कर 3 दिन का रिमांड लिया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी 2 अलग-अलग गैंग में काम कर रहे थे। एक गैंग में सूरजनगर और अराईपुरा निवासी अरूण, संदीप और तिलक राज शामिल हैं। दूसरे गैंग में सूरजनगर व सुहाना निवासी अमन, आर्यन और सौरभ शामिल हैं। ये आरोपी दिन के समय ऑटो में बैठकर स्कूलों की रेकी करते थे और रात के समय चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। चोरी का सामान ढोने के लिए भी ऑटो का इस्तेमाल किया जाता था।ुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी चोरी का सामान कबाडि़ों को बेचते थे। इस मामले में रांवर निवासी गौतम और गुलशन को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर कई सामान बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 26 गैस सिलेंडर, इन्वर्टर, बैटरी, बर्तन और अन्य सामान बरामद किया है। इसके अलावा करीब साढ़े 7 क्विंटल गेहूं भी बरामद हुआ है। जनवरी और फरवरी की कुछ वारदातों में बेचे गए सामान के बदले 63 हजार रुपए भी बरामद किए गए हैं। 2 ऑटो भी जब्त किए गए हैं, जिनका इस्तेमाल चोरी और सामान ढोने में किया जाता था।

### जेल ट्रेनिंग एकेडमी परिसर में हुआ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** हरियाणा के जेल महानिदेशक आलोक मित्तल के मार्गदर्शन और दूरदर्शी नेतृत्व में, डिस्ट्रिक्ट जेल करनाल और जेल ट्रेनिंग एकेडमी ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को हर बूंद कीमती है, हर रक्तदाता मायने रखता है, थीम के तहत विश्व रक्तदाता दिवस मनाया। इस मौके पर जेल ट्रेनिंग एकेडमी, करनाल के परिसर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्वयंसेवकों की ओर से उत्साहजनक प्रतिक्रिया देखने को मिली।
रक्तदान अभियान में कुल 94 स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जिनमें जेल ट्रेनिंग एकेडमी, करनाल के 43 प्रशिक्षु और डिस्ट्रिक्ट जेल करनाल व हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन, मधुबन के 51 कर्मचारी शामिल थे। यह कार्यक्रम सामाजिक जिम्मेदारी और कीमती इंसानी जान बचाने के प्रति प्रतिबद्धता की भावना को दशार्ता है।
करनाल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूनम चौधरी और उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिम्मी कपूर ने रक्तदान शिविर का दौरा किया और आयोजकों के साथ-साथ रक्तदान के लिए आगे आए स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. संजय ने शिविर के दौरान रक्त संग्रह प्रक्रिया का समन्वय किया।
स्वास्थ्य अधिकारियों ने अस्पतालों और आपातकालीन स्थितियों में रक्त की बढ़ती मांग को पूरा करने में नियमित रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला।

# जनसुनवाई में महापौर ने दिखाई सक्रियता, मौके पर किया समस्याओं का निपटारा

**निर्देश**

- आमजन से सीधा संवाद, अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**
नगर निगम कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान महापौर रेणु बाला गुप्ता ने एक बार फिर आम नागरिकों से सीधा संवाद किया। उन्होंने आम जन की समस्याएं पूरी एकाग्रता और विस्तार से सुनीं। इस दौरान कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान करते हुए नागरिकों को राहत प्रदान की गई।
जनसुनवाई के दौरान माहौल पूरी तरह जनकेंद्रित और परस्पर संवादात्मक रहा। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने प्रत्येक नागरिक की बात को गंभीरता से सुना। इसी आधार पर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।
महापौर ने कहा कि नगर निगम की कार्यशैली का केंद्र बिंदु नागरिक सुविधा और समस्याओं का त्वरित समाधान होना चाहिए। विशेष रूप से शहर की स्वच्छता, जल निकासी, सडक व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट और सफाई व्यवस्था जैसी मूलभूत सेवाओं को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर निगरानी और सुधार कार्य जारी हैं।
उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शहर के विकास में जनता की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। यदि किसी क्षेत्र में कोई समस्या उत्पन्न होती है तो नागरिक सीधे प्रशासन के सामने अपनी बात रखें, ताकि समाधान की दिशा में और अधिक तेजी से आगे बढ़ा जा सके।

### उपायुक्त ने ली शिक्षा विभाग की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में शिक्षा विभाग से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिले में शिक्षा के स्तर को सुधारने, पर्यावरण संरक्षण और ढांचागत विकास को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला व ब्लॉक स्तर पर एनईपी सेल बनाए जाएं, ताकि शैक्षणिक गतिविधियों की निगरानी और क्रियान्वयन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।
उन्होंने कहा कि जिन प्राथमिक स्कूलों में बिजली की समस्या हैं, वहां सोलर पैनल लगवाए जाएंगे। इससे संबंधित रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करें।
उन्होंने निर्देश दिए कि मानसून सीजन को देखते हुए जिन सरकारी स्कूलों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बने हुए हैं, उन्हें तुरंत प्रभाव से चालू किया जाए। इसके साथ ही, जिन स्कूलों में यह सिस्टम बंद हैं या जाम पड़े हैं, उनकी सफाई करवाई जाए।
उपायुक्त ने निर्देश दिए कि शिक्षकों की मानसिक स्वास्थ्य और डी-एडिक्शन से संबंधित विशेष ट्रेनिंग सुनिश्चित की जाए।

### ग्रीष्मकालीन शिविर में 145 से अधिक बच्चों ने लिया भाग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** बच्चों में छिपी प्रतिभा को उभारने व उनके सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से बाल भवन में 30 जून तक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।
जिला बाल कल्याण अधिकारी मंजू चौधरी ने बताया कि शिविर प्रातरू 9 से दोपहर 12.30 बजे तक बाल भवन के नए भवन में आयोजित किया जा रहा है।

## औद्योगिक एवं संस्थागत क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा पर मंथन

**कार्यशाला**

- एक्सीडेंट्स एंड फायर इश्यूज विषय पर विशेषज्ञों ने साझा किए महत्वपूर्ण अनुभव




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के हरियाणा स्टेट सेंटर द्वारा आयोजित श्एक्सीडेंट्स एंड फायर इश्यूज-इंडस्ट्रीज एंड इंस्टीट्यूशंसश विषयक इंटरैक्टिव कार्यशाला में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने सक्रिय सहभागिता दर्ज की। उन्होंने औद्योगिक एवं संस्थागत सुरक्षा को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। कार्यशाला में उद्योगों, शैक्षणिक संस्थानों एवं अन्य कार्यस्थलों पर अग्नि सुरक्षा, दुर्घटना रोकथाम, आपदा प्रबंधन, सुरक्षा मानकों के पालन तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। इस दौरान वक्ताओं ने सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने के सुझाव दिए। बतौर मुख्य वक्ता दिल्ली फायर सर्विस के पूर्व निदेशक आरसी शर्मा सहित विभिन्न विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए।
उन्होंने कहा कि यदि सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन, नियमित प्रशिक्षण और जागरूकता को दिनचर्या का हिस्सा बना लिया जाए तो बड़ी संख्या में दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। इस तरह जन-धन की हानि को न्यूनतम किया जा सकता है।
महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि ऐसे ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी कार्यक्रम न केवल जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में सुरक्षा संस्कृति को मजबूत आधार भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षित कार्यस्थल ही सशक्त विकास की नींव है।

### बारिश में मदद को आए युवक को ट्रक ने कुचला

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** बीती रात को आई तेज बारिश और तूफान के बीच मानवता दिखाना एक युवक को भारी पड़ गया। कथैल रोड स्थित लाडो धाम के नजदीक एक व्यक्ति को पेड़ के नीचे फंसा देखकर मदद के लिए उतरे युवक को पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। गंभीर हालत में उसे निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है और आरोपी ड्राइवर की तलाश जारी है।
जुंडला निवासी 19 वर्षीय कर्ण अपनी कार से घर लौट रहा था। रास्ते में तेज बारिश और तूफान के कारण एक पेड़ गिरा हुआ था और उसके नीचे एक व्यक्ति फंसा हुआ था। यह देखकर कर्ण ने तुरंत अपनी गाड़ी रोकी और उस व्यक्ति की मदद के लिए नीचे उतर गया। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आए ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल कर्ण को तुरंत करनाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मोच्युर्री हाउस में रखा।

## कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है: राव नरेंद्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर के जाट भवन में आज कांग्रेस के सभी जिला अध्यक्षों की रिव्यू मीटिंग का आयोजन किया है, जिसमें प्रदेशभर से 22 जिलों के अध्यक्ष शामिल हुए। मीटिंग की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह व सह प्रभारी जितेंद्र बघेल ने की। बैठक में संगठन को मजबूत करने, कार्यकताओं को सक्रिय करने और पार्टी की नीतियों को आम लोगों तक पहुंचाने पर




विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में आगामी रणनीति, जनसंपर्क बढ़ाने और विभिन्न मुद्दों पर जनता के बीच जाने की योजना बनाई गई, ताकि संगठन की पकड़ को मजबूत किया जा सके। वहीं दौरान उन्होंने जिला अध्यक्षों के बादले की चर्चा को लेकर बताया कि ये सारी खबरें झूठी है।
प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि पिछली बार जब राहुल गांधी ने मीटिंग की थी, उसमें मीटिंग में उन्होंने चार कैटागिरी बनाई थी। इसमें बहुत अच्छा काम करने वाले जिला अध्यक्षों को ए कैटागिरी में रखा गया, थोड़ा अच्छा काम करने वालों को बी कौटागिरी में, संगठन में थोड़ा कम सक्रिय जिला अध्यक्षों को सी कैटागिरी और सबसे कम सक्रिय जिला अध्यक्षों को डी कैटागिरी में रखा गया है। जिला अध्यक्षों को बदलने की पावर में हाथ में नहीं है, वो हाईकमान तय करेगा। सभी जिला अध्यक्षों के कामों की समीझा हाईकमान द्वारा की जा रही है। कॉकरोच जनता पार्टी के प्रोटेस्ट में शामिल पर महिला टीचर को सरकार द्वारा सस्पेंड करने के सवाल पर राव नरेंद्र ने कहा कि कोई भी व्यक्ति या कोई भी पार्टी अगर सरकार के गलत कामों के खिलाफ आवाज उठाती है तो लोकतंत्र में सबका अधिकार है। आवाज उठाने का और आवाज उठानी चाहिए और अधिकार देना चाहिए, क्योंकि हमारे देश में तानाशाही नहीं है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार हरियाणा राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2028 के साथ गणना प्रपत्रों की छपाई एवं वितरण का कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्य निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। हरियाणा राज्य में 23 जिले एवं 90 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हैं, जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचन पंजीयन अधिकारी नियुक्त है। इन प्रपत्रों को निर्वाचन पंजीयन अधिकारियों के माध्यम से सभी बीएलओ को वितरित किया जा रहा है, ताकि वह अपने-अपने मतदान क्षेत्रों में घर.घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन एवं आवश्यक जानकारी एकत्रित कर सकें।
विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है। इसके लिए बीएलओ प्रत्येक परिवार से संपर्क कर पात्र मतदाताओं का विवरण प्राप्त करेंगे तथा नए मतदाताओं का पंजीकरण मृत अथवा प्रवासी मतदाताओं के नामों का सत्यापन और आवश्यक संशोधन संबंधी जानकारी एकत्रित करेंगे

### एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने एक और सफलता हासिल करते हुए 21 ग्राम स्मैक बरामदगी के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज उप निरीक्षक हिम्मत सिंह के नेतृत्व में की गई।
टीम इंचार्ज ने बताया कि थाना शहर में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में पहले आरोपी अरुण तथा महिला आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका था। गिरफ्तार आरोपी अरुण को न्यायालय में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था।

## प्लेस ऑफ सेफ्टी में हुआ स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मानवता जन शक्ति फाउंडेशन के सौजन्य से प्लेस ऑफ सेफ्टी में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने पौधारोपण करके किया। इस मौके पर प्लेस ऑफ सेफ्टी के सुपरिंटेंडेंट अजय कुमार, सुमन व अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहा। सीजेएम मीनाक्षी यादव ने स्वास्थ्य



जांच शिविर के आयोजन के लिए स्टाफ को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। सीजेएम ने ज्यूविनायलों से बातचीत की और उन्हें चाइल्ड लेबर डे के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि 12 जून को चाइल्ड लेबर डे मनाया जाता है। उन्होंने उपस्थित ज्यूविनायलों को संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया कि वे चाइल्ड लेबर में भाग नहीं लेंगे और ऐसे मामले सामने आएंगे तो उन्हें रिपोर्ट करेगें।
इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पौधारोपण ड्राइव व चाइल्ड लेबर डे के उपलक्ष्य मे प्लेस ऑफ सेफ्टी, एमडीडी बाल भवन व श्रद्धानंद बाल आश्रम में रह रहे बच्चों के लिए पोस्टर मेकिंग व पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की। इसी कड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एमडीडी ऑफ इंडिया के सौजन्य से सेक्टर 32-33 में जागरूकता शिविर लगाकर बच्चों को चाइल्ड लेबर में भाग न लेने हेतु प्रेरित किया।
पैनल अधिवक्ता संगीता रानी ने जागरूकता शिविर का आयोजन कर बच्चों को चाइल्ड लेबर में भाग न लेने व पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन एमडीडी ऑफ इंडिया के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर सुरेंद्र सिंह मान की टीम के सदस्यों के सौजन्य से किया गया और उपस्थित बच्चों को रिफ्रेशमेंट भी प्रदान की।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया रोजगार मेला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**
केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष प्रचार अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया की उपस्थिति में मण्डल रोजगार कार्यालय के कार्यालय परिसर में एक रोजगार मेले का शुभारंभ किया गया।
डा. राहुल रईया ने कहा कि रोजगार मेले में पारदर्शिता के साथ बेरोजगार युवाओं को योग्यता के आधार पर रोजगार मुहैया करवाने में रोजगार विभाग के अधिकारी पूर्ण सहयोग करें और औद्योगिक इकाईयों में यह



सुनिश्चित किया जाए कि सरकार की हिदायतों के अनुसार कुशल व अर्ध कुशल कर्मचारी को न्यूनतम वेतन अवश्य मिले। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि रोजगार मेले में आने वाले युवाओं को बार-बार चक्कर न काटने पड़ें, बल्कि कम से कम समयावधि में प्रार्थियों को चयन करवाकर उनकी नियुक्ति करवाई जाए।
उन्होंने कहा कि रोजगार मेलों को लेकर व्यापक स्तर पर प्रचार करवाया जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कार्यालयों में साफ सफाई रखने के भी निर्देश दिए और कहा कि डिजिटल के इस युग में आवश्यक फाइल को स्कैन करके रिकॉर्ड में रखें। सहायक रोजगार अधिकारी सृष्टि के अनुसार रोजगार मेले में 4 नियोक्ताओं की सहभागिता से लगभग 107 प्रार्थियों का साक्षात्कार किया गया तथा 42 प्रार्थियों को चयन हेतु शॉर्ट लिस्ट किया गया। इस अवसर पर रोजगार अधिकारी द्वारा प्रार्थियों रोजगार विभाग की जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।
रोजगार मेले में अधिकाधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु कार्यालय स्तर पर पंजीकृत अभ्यर्थियों को दूरभाष एवं ई-मेल के माध्यम से सूचित किया गया था तथा युवाओं को रोजगार के अवसरों, रोजगारपरक शिक्षा, रोजगार विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, स्वरोजगार कार्यक्रमों तथा कौशल विकास ,वं प्रशिक्षण संबंधी सुविधाओं की भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।
इस अवसर पर आंकड़ा सहायक कपिल देव, सहायक जगमेन्द्र, लिपिक साहिल, रॉबिन सिंह व अन्य कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

## सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निपटारा करें सुनिश्चित : डा. आनंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि सीएम विंडो में प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित समाधान करें, शिकायतों को लंबित न रखें, समय रहते समस्या का हल निकालें और लोगों को बार.बार कार्यालयों के चक्कर ना कटवाएं। सुशासन के प्रति आम जनता का विश्वास मजबूत करें।
उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता के दौरान अधिकारियों को निर्देश दे



रहे थे। इससे पहले हरियाणा सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीणा ने वीसी के माध्यम से सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के लिए सभी जिला उपायुक्तों के साथ बैठक की।
वीसी के बाद उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निपटारा करना सुनिश्चित करें। इन शिकायतों को श्रेणी अनुसार रखें। उन्होंने निर्देश दिए कि सबसे पुरानी शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें और हल हो चुकी शिकायतों की जानकारी शिकायतकर्ता को अवश्य दें। मुख्यालय को ट्रांसफर की जाने वाली शिकायतों का फॉलोअप जरूर लें।
उन्होंने कहा कि सीएम विंडो में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतें।

## न्यूज फ्लैश

### पानीपत में फूफा ने किया भतीजी से दुष्कर्म, बच्ची को बेसुध हालत में रोड किनारे फेंका

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 12 जून।** पानीपत में करीब 10 साल की बच्ची से उसके सगे फूफा ने दुष्कर्म किया और बच्ची को थाना चांदनी बाग क्षेत्र में सडक किनारे फेंक दिया। वहीं वीरवार रात को करीब 9 बजे अर्धबेहोशी की हालत में सडक किनारे पड़ी बच्ची ने राहगीरों को अंकल-अंकल कहकर आवाज लगाई। बच्ची की आवाज सुनकर बाइक सवार युवकों ने डायल 112 पुलिस को फोन किया और बच्ची को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। बच्ची को शुक्रवार सुबह होंस आया और बच्ची अभी सिविल अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है। वहीं नारी तू उत्थान समिति की अध्यक्ष सविता आर्य शुक्रवार सुबह सिविल अस्पताल पहुंची। पुलिस टीम व सविता आर्य ने बच्ची से प्यार से बात करते हुए सारी घटना की जानकारी ली। यूपी की रहने वाली बच्ची ने बताया कि उसकी मां की मौत हो चुकी है और पिता ने दूसरा निकाह कर लिया है। वह अब समालखा थाना क्षेत्र के एक मुर्गी फार्म पर रहती है। उसका फूफा उसको वीरवार को मुर्गी फार्म से लेकर आया था। वह उसको खेतों के रास्ते से लेकर जा रहा था तो रास्ते में गोलियां खिला दी। उसका सिर चकराने लगा और वह बेसुध हालत में थी, तो फूफा ने रेप किया। इससे बच्ची की तबीयत बिगड़ गई और आरोपी उसे सडक किनारे फेंक कर फरार हो गया। वहीं बच्ची ने काउंसलिंग के दौरान बताया कि उसके फूफा ने पहले भी रेप किया था। सविता आर्या ने बताया कि पीड़ित बच्ची ने बताया है कि सगे फूफा ने उसके साथ रेप किया है। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि बच्ची के परिजनों को बुलाया गया है और उनके ब्यानों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। बता दे कि आरोपी फूफा बच्ची को समालखा थाना क्षेत्र से लेकर आया था और समालखा थाना में ही आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। बच्ची से रेप की खबर का हरियाणा महिला आयोग ने संज्ञान लेते हुए एसपी पानीपत से पांच दिन के अंदर रिपोर्ट देने को कहा है।

### सीबीआई ने 657 करोड़ के घोटाले में दाखिल की दो चार्जशीट

**चंडीगढ़।** सीबीआई ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के जरिए सरकारी धन के कथित दुरुपयोग से जुड़े बहुचर्चित मामलों में शुक्रवार को दो अलग-अलग चार्जशीट दाखिल की हैं। इनमें एक मामला हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों से जुड़े फंड के कथित दुरुपयोग का है, जबकि दूसरा चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड (सीएससीएल) से संबंधित है। दोनों मामलों में अब तक वित्तीय नुकसान का आंकड़ा 657 करोड़ तक पहुंच चुका है। सीबीआई की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, हरियाणा सरकार से जुड़े मामले में 504 करोड़ तथा चंडीगढ़ केंद्रशासित प्रदेश से जुड़े मामले में 153 करोड़ के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। जांच अभी खत्म नहीं हुई है और आने वाले समय में और आरोप पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। सीबीआई ने हरियाणा सरकार के फंड के कथित दुरुपयोग मामले में पंचकूला स्थित विशेष अदालत में दूसरी चार्जशीट दाखिल की है। इस बार आरोप पत्र में दो निजी व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है। जांच एजेंसी के अनुसार दोनों उन लोगों में शामिल हैं जिन्हें कथित अपराध से प्राप्त धन का लाभार्थी माना गया है।

# केंद्र सरकार के जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विधायक विनोद भयाना ने गिनाई योजनाएं

**उपलक्ष्य**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस विचार को धरातल पर उतारने का कार्य किया है



**हांसी (दिनकर गावड़ी):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हांसी के विधायक विनोद भयाना ने शुक्रवार को अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों में लागू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने गरीब, किसान, महिला, युवा, मजदूर और मध्यम वर्ग के जीवन में व्यापक बदलाव लाने का कार्य किया है।
विधायक विनोद भयाना ने कहा कि वर्ष 2014 से देश की बागडोर भारतीय जनता पार्टी के हाथों में है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और जनसेवा का एक नया अध्याय लिखा है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में अनेक ऐतिहासिक और कल्याणकारी योजनाएं लागू की गईं, जिनका सीधा लाभ आमजन तक पहुंचा है।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों के बैंक खाते खुलवाए गए, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचना सुनिश्चित हुआ और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन देकर धुएं से होने वाली बीमारियों से राहत दिलाई गई।
विधायक ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हुई है, जिसके तहत पात्र परिवारों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है।
प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाखों गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध करवाए गए हैं।
उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का जिक्र करते हुए कहा कि किसानों के खातों में प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की राशि सीधे भेजी जा रही है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों की फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा प्रदान कर रही है।
स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर शौचालय बनाकर खुले में शौच की प्रथा को समाप्त करने का प्रयास किया गया, जिससे स्वच्छता और स्वास्थ्य में सुधार हुआ। जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक नल और स्वच्छ जल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।
उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं ने युवाओं और छोटे व्यापारियों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं पीएम सूर्य घर योजना के माध्यम से सौर ऊर्जा को बढ़ावा देकर बिजली खर्च कम करने और स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहित करने का कार्य किया गया है।
विधायक विनोद भयाना ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र अंत्योदय है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस विचार को धरातल पर उतारने का कार्य किया है।

# मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने में दें सहयोग : एसडीएम कुंवर

**निर्धारित**

लगभग 75 प्रतिशत है। शेष सत्यापन कार्य भी निर्धारित समयावधि में पूरा कर लिया जाएगा

**संवाददाता नूंह मेवात**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** जिला के उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) नूंह कुंवर आदित्य विक्रम ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करने तथा अपात्र प्रविष्टियों को हटाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे प्रशासन एवं बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का सहयोग करते हुए सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं।
एसडीएम कुंवर आदित्य विक्रम ने शुक्रवार को नूंह उपमंडल कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि 1 जुलाई 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। इसके अलावा मृत व्यक्तियों, स्थायी रूप से स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं तथा एक से अधिक स्थानों पर दर्ज नामों का सत्यापन कर आवश्यक संशोधन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान मतदाताओं से निर्धारित प्रपत्र भरवाए जाएंगे तथा मतदाता सूची में दर्ज विवरणों का सत्यापन किया जाएगा। जिन घरों पर पहली बार कोई व्यक्ति उपलब्ध नहीं होगा, वहां बीएलओ द्वारा तीन बार संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा।
एसडीएम ने बताया कि नूंह विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में लगभग 2 लाख मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से करीब 1 लाख 50 हजार मतदाताओं का सत्यापन कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जो कुल मतदाताओं का लगभग 75 प्रतिशत है। शेष सत्यापन कार्य भी निर्धारित समयावधि में पूरा कर लिया जाएगा।

# गुरुग्राम: लिफ्ट में फंसने पर भड़के युवकों ने ऑपरेटर को पीटा, आंख फोड़ी

**गुरुग्राम।** सेक्टर-93 स्थित सिग्नेचर ऑर्चर्ड सोसाइटी में लिफ्ट बंद होने के बाद हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि लिफ्ट में फंसे युवकों ने गुस्से में आकर लिफ्ट ऑपरेटर पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में ऑपरेटर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी एक आंख की फुट गई। सेक्टर-93 चौकी प्रभारी प्रदीप ने बताया कि शुक्रवार को ऑपरेटर के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार 9 जून को सोसाइटी के एल-टॉवर की लिफ्ट में अचानक तकनीकी खराबी आ गई। उस समय लिफ्ट में चंद्रशेखर, भारत, विवेक और संजय सहित चार युवक सवार थे। लिफ्ट करीब सात मिनट तक बंद रही, जिससे युवक अंदर फंसे रहे। कंट्रोल रूम को सूचना मिलने पर लिफ्ट ऑपरेटर गौरव को मौके पर भेजा गया। हालांकि उसके पहुंचने से पहले ही लिफ्ट स्वतः चालू होकर ग्राउंड फ्लोर पर आ गई और युवक सुरक्षित बाहर निकल आए।

# हांसी जिला के चानौत गांव में पीने के पानी के लिए चल रहे धरने को मिला आम आदमी पार्टी का पूर्ण समर्थन : डॉ. सुशील



**हांसी (दिनकर गावड़ी):** गांव चानौत में पीने के पानी की मूलभूत मांग को लेकर 16 मई से धरने पर बैठे ग्रामीणों को समर्थन देने आम आदमी पार्टी (आप) हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता पहुंचे। उनके साथ हांसी से पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी, युवा इकाई के प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन जैन, एक्स सर्विसमैन विंग जिला अध्यक्ष हिसार अजय शास्त्री, हलका अध्यक्ष नरनौंद सुभाष लोहान, नारनौंद से मास्टर वजीर सिंह, कंवारी से सुदीप श्योराण, हांसी से धर्मबीर लोहान, सतीश रेढू, रामकुमार चहल सहित अन्य कार्यकर्ता भी थे। इस दौरान डॉ. सुशील गुप्ता ने धरनारत ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उनकी जायज मांग का पुरजोर समर्थन किया और भाजपा हरियाणा की सैनी सरकार और केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर तीखा हमला बोला। डॉ. सुशील गुप्ता ने धरनास्थल पर भारी जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि चानौत गांव के सामने से हांसी शहर के लिए जो पीने के पानी की पाइपलाइन दबाई जा रही है, उसमें से गांव को भी कनेक्शन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पानी की मांग जीवन के लिए सबसे जरूरी है। अगर आगे पानी कम पड़ता है, तो पाइप का साइज बढ़ा दिया जाए, लेकिन ग्रामीणों को प्यासा रखना सरासर अन्याय है। शहर और गांव के लोग अलग-अलग नहीं हैं, सबकी जरूरतें एक समान हैं।

**सरकार पर बोला तीखा हमला**

डॉ. सुशील गुप्ता ने पानी की इस गंभीर समस्या पर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री दोनों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री पूरे देश में हर घर नल से जल का ढिंढोरा पीट रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि हरियाणा के 80 गांवों में डिग्गी का पानी पीने लायक ही नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसे नल का क्या फायदा जिसका पानी जनता पी ही न सके? अरविंद केजरीवाल के दिल्ली और पंजाब मॉडल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जहां भी आम आदमी पार्टी की सरकार है, वहां 24 घंटे मुफ्त और साफ पानी दिया जा रहा है। हरियाणा में भी हर घर तक 24 घंटे पानी पहुंचना चाहिए।

**मुख्यमंत्री सैनी को दी कड़ी चेतावनी**

धरने पर बैठी भारी भीड़ को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चानौत गांव के इस आंदोलन की गूंज सिर्फ हांसी या हरियाणा में नहीं, बल्कि पूरे देश में गूंज रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि वे खुद इस धरने पर आएं और अपने हाथों से ग्रामीणों को पाइपलाइन का कनेक्शन दें।

# विधेयक को शीघ्र मंजूरी देकर विधानसभा में कानून बनाने की मांग उठाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत /गोहाना, 12 जून 2026**
आज भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां में आयोजित योग प्रशिक्षण के एक दिवसीय 12वें अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हरियाणा के पंचायत एवं विकास मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार को हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) के प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपकर प्रदेश के विश्वविद्यालयों में कार्यरत



अनुबंधित सहायक प्राध्यापकों एवं शिक्षकों को सेवा-सुरक्षा प्रदान करने हेतु प्रस्तावित ह्हरियाणा विश्वविद्यालय अनुबंधित शिक्षक सेवा-सुरक्षा (जॉब सिक्योरिटी) विधेयकह्व के ड्राफ्ट को शीघ्र अनुमोदित कर आगामी मंत्रिमंडल (कैबिनेट) एवं विधानसभा से पारित कर अधिनियम (अउळ ) के रूप में लागू करने की मांग की। ज्ञापन प्राप्त करने के उपरांत कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों में लंबे समय से सेवाएं दे रहे अनुबंधित शिक्षकों की मांग न्यायोचित है। उन्होंने कहा कि वे इस विषय में माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी एवं संबंधित उच्च अधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से चर्चा करेंगे तथा जॉब सिक्योरिटी संबंधी फाइल को शीघ्र स्वीकृति दिलवाने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि प्रस्तावित विधेयक को आगामी विधानसभा सत्र में प्रस्तुत किया जाए तथा इस विषय में होने वाली प्रगति से वे स्वयं हुकटा नेतृत्व को अवगत कराते रहेंगे। साथ में, गोहाना के जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने भी हुकटा की मांग का समर्थन कर मंत्री से सहयोग की अपील की।

# पुलिस मुठभेड़ में दो पशु तस्कर घायल, पांच ऊंट बरामद, पुलिस टीम पर की फायरिंग

**संवाददाता नूंह मेवात**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह जिले में पशु तस्करी और गौकशी से जुड़े अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में जिला पुलिस की एक टीम ने फिरोजपुर झिरका सदर थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो पशु तस्करों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पीछा किए जाने के दौरान पुलिस पार्टी पर फायरिंग की, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में दोनों घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीआईए नूंह प्रभारी एसआई महेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे स्थित टोल प्लाजा के पास अपराध रोकथाम के उद्देश्य से गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि फिरोजपुर झिरका निवासी साहिद और मुस्तफा एक पिकअप वाहन में राजस्थान से पशु भरकर ला रहे हैं और उनका उपयोग अवैध वध के लिए किया जाना है। सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर निगरानी शुरू कर दी। कुछ समय बाद पुलिस को संदिग्ध पिकअप वाहन दिखाई दिया, जिसके बाद टीम ने उसका पीछा किया। पुलिस के अनुसार वाहन चालक को रुकने का संकेत दिया गया, लेकिन उसने वाहन नहीं रोका और पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी।

### हिसार: बिजली संकट पर ग्रामीणों ने लगाया जाम

**हिसार।** चार दिन पूर्व आए तेज अंधड़ की वजह से बालसमंद क्षेत्र के गांवों में अभी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई है। गर्मी के मौसम में बुरा हाल है। चार दिन से बिजली और पानी के संकट से परेशान ग्रामीणों ने शुक्रवार को हिसार-भादरा मुख्य मार्ग पर धीरनवास गांव के पास जाम लगा दिया और नारेबाजी की। जाम लगा रहे लोगों ने बताया कि चार दिन पहले आई आंधी और बारिश के कारण 500 से अधिक बिजली के खंभे गिर गए थे। इसके परिणामस्वरूप धीरनवास, रावलवास खुर्द, टोकस, पातन और हिन्दवान सहित आसपास के कई गांवों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

# सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों का तुरंत करें समाधान

**कार्रवाई**

एक सप्ताह में दूर किया जाए अन्यथा संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम विंडो पर आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका तुरंत समाधान करना सुनिश्चित करें ताकि संबंधित व्यक्ति को समस्या ने निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों के निवारण को लेकर अगर किसी अधिकारी द्वारा ढिलाई बरती गई तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
प्रदेश सरकार द्वारा नागरिकों की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से संचालित सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा को लेकर शहरी स्थानीय



निकाय, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के आयुक्त एवं सचिव, अशोक कुमार मीना ने विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी उपायुक्तों के साथ बैठक की और उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो नागरिकों और सरकार के बीच विश्वास का मजबूत माध्यम है तथा इस पर दर्ज शिकायतों का समयबद्ध समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसलिए कोई भी अधिकारी किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें।
वीसी के पश्चात अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त नेहा सिंह ने सभी विभागों की लंबित शिकायतों की क्रमानुसार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जो विभाग अपने से संबंधित शिकायत पर जो भी कार्रवाई करता है उसकी एटीआर अवश्य अपलोड करें। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि संबंधित शिकायतों की अधूरी एटीआर भेजने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
इस दौरान उन्होंने पुरानी लंबित शिकातयों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इन शिकायतों को अगले एक सप्ताह में दूर किया जाए अन्यथा संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# 12 वर्ष सेवा, सुशासन और जनकल्याण के रहे ऐतिहासिक : जान मोहम्मद

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** जिला परिषद नूंह के अध्यक्ष जान मोहम्मद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों के दौरान देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया गया है, जिससे आमजन के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है।
जान मोहम्मद ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस योजना के तहत पात्र परिवारों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जा रहा



है, जिससे वे निजी और सरकारी अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण उपचार प्राप्त कर रहे हैं।
उन्होंने कहा कि सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। विकास कार्यों के लिए मिलने वाली राशि सीधे संबंधित संस्थाओं के खातों में पहुंच रही है, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है। इससे ग्रामीण विकास कार्यों में तेजी आई है।
जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है। ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे महिलाओं के स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार हुआ है।
उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत गांवों और दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का कार्य किया गया है। आज बड़ी संख्या में परिवारों को घर-घर नल के माध्यम से स्वच्छ पानी उपलब्ध हो रहा है।
जान मोहम्मद ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान ने समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा दिया है। महिलाओं को राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में अधिक भागीदारी देने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। हरियाणा में पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिलने से महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है।
उन्होंने कहा कि मेवात क्षेत्र में सड़क, शिक्षा और आधारभूत ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। बेहतर सड़क संपर्क, शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना तथा विभिन्न विकास परियोजनाओं से क्षेत्र के लोगों को लाभ मिल रहा है।
जान मोहम्मद ने कहा कि सरकार द्वारा युवाओं को पारदर्शी तरीके से रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया गया है। योग्यता आधारित भर्ती प्रक्रिया से युवाओं में विश्वास बढ़ा है और उन्हें आगे बढ़ने के समान अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

# मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर कांग्रेस का जागरूकता शिविर

**संवाददाता नूंह मेवात**
नूंह मेवात (लियाकत अली ): हरियाणा में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर कांग्रेस पार्टी ने कार्यकताओं को जागरूक करने का अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को कांग्रेस विधायक आफताब अहमद ने नूंह में पार्टी कार्यकताओं की बैठक ली और बाद में मीडिया को संबोधित करते हुए मतदाता जागरूकता अभियान की जानकारी दी।
विधायक आफताब अहमद ने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी पात्र और वैध मतदाता का नाम मतदाता सूची से न कटे तथा कोई भी व्यक्ति अपने संवैधानिक मतदान अधिकार से वंचित न रहे।
उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने इस प्रक्रिया की निगरानी के लिए प्रत्येक बूथ स्तर पर अपने प्रतिनिधि नियुक्त किए हैं। साथ ही कार्यकताओं को जिम्मेदारी दी गई है कि वे आम मतदाताओं को पुनरीक्षण प्रक्रिया की जानकारी दें और आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक करें। आफताब अहमद ने कहा कि इस उद्देश्य से सबसे पहले नूंह में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, जिसके बाद पुनहाना और फिरोजपुर झिरका में भी शिविर लगाए गए।
उन्होंने बताया कि पूरे हरियाणा में कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं को मतदाता जागरूकता अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई है।
उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे ताकि किसी भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटने न पाए।

# भाजपा ने सभी संवैधानिक मयार्दाओं को ताक पर रखकर लोकतंत्र की हत्या कर दी हैः यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को नजफगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी में एसआईआर पर बीएलए-2 प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला अध्यक्ष राजेश यादव ने द्वारका मोड़ स्थित रायल बैंक्वट हॉल में किया गया। बीएलए-2 प्रशिक्षण शिविर में जिला अध्यक्ष राजेश यादव ने नजफगढ़ जिला के अंतर्गत, सभी ब्लाक अध्यक्षों, पांचों विधानसभा के बीएलए-1 और सभी बूथों पर बने बीएलए-2 की उपस्थिति को सुनिश्चित किया।



प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दीप प्रज्वलित करके और वंदे मातरम गायन के साथ शुरू किया। प्रशिक्षण शिविरों में प्रशिक्षण बूथ मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन राजेश गर्ग व उनकी टीम के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण शिविर में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के अलावा दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. नरेंद्र नाथ, महासचिव (संगठन) अनिल भारद्वाज, पूर्व विधायक और उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष तसवीर सोलंकी, महासचिव डॉ. पीके मिश्रा और धर्मपाल चंदेला, राजेश गर्ग, पूर्व प्रदेश महिला अध्यक्ष अमृता धवन, पूर्व डीसीसी अध्यक्ष ओम दत्त यादव और सतबीर शर्मा, सुषमा यादव, नजफगढ़ जिला महिला अध्यक्ष इंदिरावती के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

# ओ-जोन में सरकारी वादे के बाद भी गरजा बुलडोजर, पीड़ितों से मिलने पहुंचे कांग्रेस नेता आदेश भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के उस भरोसे के बावजूद, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'ओ-जोन' क्षेत्र में पुराने मकानों पर कोई तोड़फोड़ नहीं होगी, उत्तर दिल्ली के बुराड़ी इलाके में प्रशासन का बुलडोजर लगातार गरज रहा है। यमुना फ्लडप्लेन के नाम पर जगतपुर, मिलन विहार और आस-पास की कॉलोनियों में नए निमार्णों के साथ-साथ सालों पुराने मकानों को भी जमींदोज किया जा रहा है। मध्यम वर्गीय और गरीब परिवारों के आशियानों को कुचलती इस कार्रवाई ने सैकड़ों परिवारों को खुले आसमान के नीचे रहने पर मजबूर कर दिया है।

इस बीच, पीड़ितों का दर्द साझा करने पहुंचे करावल नगर जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आदेश भारद्वाज को पुलिस ने हिरासत में ले लिया, जिससे इलाके में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है।



**गरीबों की आवाज दबाने की कोशिश, यह लोकतंत्र की हत्याः आदेश भारद्वाज**

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के निर्देश पर जब कांग्रेस नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज अपने साथियों संग पीड़ितों के साथ खड़े होने और उनका समर्थन करने पहुंचे, तो प्रशासन ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# हरिश्चंद्र अस्पताल में डॉक्टरों की भारी कमी, जांच उपकरणों का भी टोटा, मरीज परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्र सिंह**

**नई दिल्लीः** नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल काफी लंबे समय से बदहाली के दौर से गुजर रहा है। अस्पताल में न तो डॉक्टरों की पर्याप्त संख्या है और न ही टेस्ट की पूरी सुविधा। स्थिति यह है कि जो टेस्ट होते भी हैं, उनके उपकरणों की भारी कमी बनी हुई है। इस अव्यवस्था के कारण दूर-दराज से आने वाले गरीब मरीज दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

**भगवान भरोसे हरिश्चंद्र हॉस्पिटल**

अस्पताल की ओपीडी में सुबह से ही मरीजों और उनके परिजनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, लेकिन डॉक्टरों के केबिन खाली मिलते हैं।

**6 घंटे बाद भी नहीं मिले डॉक्टरः** सिंघु से अपने भतीजे का



इलाज करवाने आए एक तीमारदार ने बताया कि हम सुबह 5 बजे ही अस्पताल आ गए थे, लेकिन 6 घंटे बीत जाने के बाद भी डॉक्टर का कुछ पता नहीं चला। हमें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**प्राइवेट जाने की मजबूरीः** जागृति एन्क्लेव से आए एक बुजुर्ग मरीज ने अपनी आंखों की समस्या साझा करते हुए कहा कि मैं आँखों की जांच के लिए आया था, लेकिन ईएनटी डॉक्टर का कोई अता-पता नहीं था। अब मुझे किसी निजी अस्पताल में जाना पड़ेगा। यह अस्पताल पूरी तरह भगवान भरोसे चल रहा है, सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

**पर्ची कटती है, पर इलाज नहीं मिलताः** मामूरपुर के निवासी



रामकिशोर ने सरकार पर भड़ास निकालते हुए कहा कि मैं खून की जांच के लिए 3 घंटे से लाइन में लगा था। जब बारी आई तो पता चला कि जांच का उपकरण ही उपलब्ध नहीं है। बुखार हो या एक्स-रे, हर चीज के लिए प्राइवेट में जाने को कहा जाता है। फिर इस सरकारी अस्पताल का क्या काम? यहाँ पर्ची तो कटती है, पर इलाज नहीं मिलता। डॉक्टर गायब



हैं और लैब खाली पड़ी है।

**जनहित में तुरंत हो डॉक्टरों की नियुक्ति**

जोगिंदर दहिया, अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ नरेला सब-सिटीः नरेला के हरिश्चंद्र अस्पताल में पिछले कई महीनों से विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी बनी हुई है। अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन सैकड़ों मरीज आते हैं, लेकिन डॉक्टरों के न बैठने के कारण उन्हें बिना इलाज के वापस लौटना पड़ता है। अस्पताल की पैथोलॉजी लैब में एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड और ब्लड टेस्ट जैसी बुनियादी जांचों के उपकरण या तो खराब पड़े हैं या उपलब्ध ही नहीं हैं। गरीब मरीजों को मजबूरी में महंगे प्राइवेट लैब का रुख करना पड़ रहा है।

**राजनीतिक उदासीनता का शिकार, सिर्फ 'रेफर अस्पताल' बनकर रह गया**

रामकुमार खत्री, प्रेसिडेंट, श्री शांति धाम समिति ने अस्पताल की बदहाली पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हरिश्चंद्र अस्पताल अब मात्र एक 'रेफर अस्पताल' बनकर रह गया है। यहाँ मरीजों के लिए न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं।

# शालीमार बाग में बिजली कटौती से लोग परेशानः सत्यपाल शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राजधानी में गर्मी के प्रकोप के बीच शालीमार बाग के कई इलाकों में पिछले कुछ दिनों से अघोषित बिजली कटौती ने स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। क्षेत्र के प्रभावित इलाकों, विशेषकर एए, एबी, बीके-1, बीके-2, और बीसी पूर्वी ब्लॉक में पिछले 2-4 दिनों से बिजली गुल होने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

बिजली कंपनी टाटा पावर की इस लचर व्यवस्था और कॉल सेंटर से मिलने वाली भ्रामक जानकारियों को लेकर उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश है। इस गंभीर समस्या को लेकर जागरूक उपभोक्ता मंच' के महामंत्री एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सत्य पाल शर्मा ने दिल्ली की मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है।

सत्य पाल शर्मा ने कहा कि आगामी दिनों में बरसात, आंधी और तूफान का मौसम आने वाला है। अगर सामान्य दिनों में टाटा पावर का यह हाल है, तो मानसून में स्थिति और बदतर हो जाएगी।

हमारी मुख्यमंत्री से मांग है कि वे टाटा पावर के उच्च अधिकारियों को सख्त हिदायत दें ताकि भविष्य में बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

साथ ही, कॉल सेंटर की व्यवस्था को सुधारा जाए ताकि उपभोक्ताओं को हर समय सही और सटीक जानकारी मिल सके।

# आदर्श नगर विधानसभाः श्री रामकथा में राम विवाह प्रसंग ने बांधा समां, उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केवल पार्क स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय श्री रामकथा के सातवें दिन भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह का दिव्य प्रसंग मुख्य आकर्षण रहा। कथा व्यास द्वारा राम विवाह का ऐसा भावपूर्ण और सजीव वर्णन किया गया कि पांडल में मौजूद हजारों श्रद्धालु भक्ति और उत्साह से सराबोर हो उठे। जैसे ही विवाह की रस्में शुरू हुईं, पूरा कथा पंडाल भगवान श्रीराम और माता जानकी के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

**मयार्दा और पारिवारिक मूल्यों का संदेशः स्वामी पागलदास जी महाराज**

कथा व्यास, प्रसिद्ध कथावाचक संत श्री स्वामी पागलदास जी महाराज ने राम विवाह प्रसंग का विस्तृत आध्यात्मिक वर्णन करते हुए समाज को मयार्दा, संस्कार और पारिवारिक मूल्यों का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन हर युग में मानव समाज के लिए एक आदर्श







मार्गदर्शिका है। राम विवाह केवल दो आत्माओं का मिलन नहीं, बल्कि धर्म, मयार्दा और संस्कारों का संगम है। आज के समाज को टूटने से बचाने के लिए हमें रामायण में निहित पारिवारिक आदर्शों और आपसी सम्मान को अपने जीवन में उतारना होगा। कथा के दौरान भजनों पर झूमते श्रद्धालुओं ने दिव्य आरती में भाग लिया और प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त कर धर्म लाभ उठाया।

**कथा में पहुंचे कई राजनेता और गणमान्य अतिथिः** धार्मिक आयोजन के इस पावन अवसर पर राजनीति और समाज सेवा से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की। अतिथियों ने व्यास पीठ का आशीर्वाद लिया और ऐसे धार्मिक आयोजनों को समाज को जोड़ने के लिए बेहद प्रेरणादायक बताया। इस मौके पर मुकेश गोयल (निगम पार्षद, आदर्श नगर), जय प्रकाश यादव (पूर्व विधायक, आदर्श नगर), दीपक चौधरी (विधायक, बादली), गायत्री (निगम पार्षद), सुमन शर्मा (निगम पार्षद), आनंद त्यागी (पंजाबी बाग), रवि वधवा (समाजसेवी), सुरेंद्र त्यागी (समाजसेवी) सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आज की व्यास पूजा संदीप भारद्वाज, प्रसाद सेवा मित्रपाल सुनारिया, विक्रम बतरा, विजय बतरा, गीता शर्मा, नीलम की रही। इस मौके पर सतीश पहलवान गोकलपुरी से इंद्रजीत मुख, संगीत उपाध्याय, सुरेंद्र गर्ग, महेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, विनोद भारद्वाज, देशराज गुप्ता, अमित गुप्ता, जय नारायण शर्मा, निरंजन गुप्ता, विष्णु पाल, सरदारी लाल के अलावा चंद्रशेखर शर्मा हरीश भारद्वाज, लक्ष्मी नारायण मिश्रा, अजय गुप्ता भी उपस्थित रहे।



दिल्ली के मेयर प्रवेश वाही का स्वागत करते हुए भाजपा दिल्ली प्रदेश मंदिर प्रकोष्ठ के कार्यकारिणी सदस्य विनोद पंडित।

# आजादपुर मंडी के प्रसिद्ध व्यापारी पंकज कुमार भरेजा बने अखण्ड हिंदू परिषद के चेयरमैन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** एशिया की सबसे बड़ी और दिल्ली की मशहूर आजादपुर मंडी के प्रसिद्ध व्यापारी पंकज कुमार भरेजा को 'अखण्ड हिंदू परिषद' का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। परिषद के शीर्ष पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में उन्हें विधिवत प्रशस्ति पत्र सौंपकर इस पद की घोषणा की गई।

पंकज कुमार भरेजा सिविल लाइंस स्थित श्री प्राचीन संकट हरण हनुमान धाम पहुंचे। वहाँ उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और मंदिर में आयोजित संकीर्तन में शामिल होकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके पश्चात उन्होंने शनि धाम पहुंचकर भी भगवान का



आशीर्वाद लिया।

**सनातन धर्म के प्रति करेंगे जागरूक**

इस धार्मिक एवं सांगठनिक अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पंकज कुमार भरेजा ने सनातन धर्म की महिमा और इसके सांस्कृतिक मूल्यों से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने हिंदुओं को उनके दैनिक कर्तव्यों, पूजा-पाठ की महत्ता और धर्म के प्रति जागरूक रहने के अन्य माध्यमों के बारे में विस्तार से बताया। पंकज भरेजा ने जानकारी देते हुए बताया



कि उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अखण्ड हिंदू परिषद की राष्ट्रीय महासचिव रुचि बिष्ट द्वारा सौंपी गई है।

**निष्ठा के साथ करेंगे परिषद के कार्यों का प्रचार-प्रसार**

इस अवसर पर नवनियुक्त चेयरमैन पंकज भरेजा ने परिषद के नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने मुझ पर जो भरोसा जताया है और जो जिम्मेदारी आज मुझे दी है, उसे मैं पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाऊँगा। मेरा मुख्य उद्देश्य अखण्ड हिंदू परिषद के लोक-कल्याणकारी कार्यों और सनातन संस्कृति का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करना होगा।

**कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग रहे मौजूद**

पंकज कुमार भरेजा के चेयरमैन बनने पर क्षेत्र के व्यापारियों और धार्मिक संगठनों में खुशी की लहर है।

इस मनोनयन कार्यक्रम के दौरान पवन कुमार, कुलदीप जाट, संदीप मिश्रा, विजय कटारिया के साथ-साथ महिला विंग से पल्लवी सिंह, शिखा यादव, पूनम सहित समाज के कई अन्य गणमान्य लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे और सभी ने नए चेयरमैन को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

# केवल पार्कः मास परायण पाठ में उमड़ रहा जनसैलाब, 'जय श्री राम' के जयकारों से गूंजा पंडाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केवल पार्क स्थित जनता भवन धर्मशाला में इन दिनों पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित 30 दिवसीय संगीतमय मास पारायण रामायण पाठ के 27वें दिन श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड़ पड़ा।

कथा व्यास आचार्य राजवीर शास्त्री ने जब मंदोदरी द्वारा माता सीता को श्रीराम को लौटाने की सीख और अंततः रावण वध के प्रसंग का अत्यंत सुंदर व भावपूर्ण रसपान कराया, तो पूरा पंडाल भाव-विभोर हो उठा। जैसे ही रावण वध का प्रसंग आया, समूचा परिसर 'जय श्री राम' के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हो गया।

**भक्ति रस में सराबोर हो रहा पूरा क्षेत्रः** प्रभु राम की असीम कृपा से



इस रामायण पाठ में प्रतिदिन भक्तों की संख्या बढ़ती जा रही है। वर्तमान में पूरा परिसर जनसैलाब से खचाखच भरा नजर आ रहा है और आसपास का पूरा क्षेत्र पूरी तरह भक्ति रस में सराबोर हो चुका है।

**मुख्य यजमानों ने की विधि-विधान से पूजा-अर्चना**

आयोजन के संयोजक महंत अनिल शर्मा, अशोक गर्ग, महावीर गर्ग तथा मार्गदर्शक सुनील अग्रवाल, जय नारायण गर्ग व बलवीर गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि मास परायण पाठ अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है।

27वें दिन के पाठ की शुरूआत मुख्य यजमान अशोक बंसल, धर्मवीर भारद्वाज, प्रिंस गुप्ता, सत्यप्रकाश मंगला, सुमित गर्ग, सुनील गर्ग, दिनेश गर्ग, श्री निवास गर्ग और राजेन्द्र गर्ग ने सपरिवार



विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर की।

**सहयोगियों व गणमान्य लोगों का हुआ सम्मान**

संस्था के उपप्रधान अमित गर्ग, सचिव दीपक तायल, सहसचिव प्रवीण गोयल, कैलाश गोयल, अमरनाथ कंसल, सलाहकार अनिल गोयल, अमित गुप्ता और स्वागताध्यक्ष राकेश गर्ग ने बताया कि आज के पाठ में क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की।

**प्रमुख अतिथिः** पाठ का आनंद लेने पहुंचे पूर्व विधायक जय प्रकाश यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय शर्मा, महावीर, धर्मवीर भारद्वाज, सुमित गर्ग, रामलाल उनयाल, नरेश गर्ग, अरविंद मूलचंद प्रधान, नवीन त्यागी (पूर्व पार्षद) और सुनील शाह सहित सभी अतिथियों व सहयोगियों का समिति द्वारा भव्य स्वागत व सम्मान किया गया।

# भाजपा नरेला मंडल ने रविदास नगर के अंबेडकर पार्क में चलाया व्यापक स्वच्छता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केंद्र की मोदी सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा नरेला मंडल द्वारा 'सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान रविदास नगर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में चलाया गया, जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह अभियान स्थानीय विधायक राजकरण खत्री की गरिमामयी मौजूदगी और मंडल अध्यक्ष सुरेश खत्री के कुशल नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व निगम पार्षद सविता नरेश खत्री, अशोक अमरोही, राजेश



अमरोही, रजनीश खत्री, पंकज गुप्ता, शिव कुमार जैन, हिमांशु सहित भाजपा के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अभियान के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने पार्क में झाड़ू लगाकर और बिखरा हुआ कचरा उठाकर आम जनता को स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक राजकरण खत्री ने कहा कि स्वच्छता ही सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 'स्वच्छ भारत मिशन' को नरेला विधानसभा के हर गली-मोहल्ले और कोने-कोने तक पहुंचाना हमारा मुख्य संकल्प है।

# बच्चों में मेहनत के संस्कार डालें: हरविंद्र कल्याण

## हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि हमारी सोच तरक्की की होनी चाहिए

**बैठक**

**तरक्की की सोच के साथ आगे बढने का आह्वान संपर्क सडक व रास्तों का उद्घाटन**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि हमारी सोच तरक्की की होनी चाहिए। प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक इसी सोच के साथ कार्य कर रहे हैं। पीएम के सशक्त नेतृत्व के कारण आज जहां दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है वहीं संस्कृति भी मजबूत हुई है। पूरी दुनिया प्रधानमंत्री के नेतृत्व का लोहा मानती है।

हरविद्र कल्याण आज गांव पिंगली और घोघड़ीपुर में रास्तों व संपर्क सडक का उद्घाटन करने के बाद ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पिंगली में घोघड़ीपुर रोड से पवन के फार्म तक पंचायती



राज विभाग की ओर से बनाए गए रास्ते का उद्घाटन किया। इस पर 14.40 लाख रुपये खर्च हुए हैं। इसी प्रकार घोघड़ीपुर में जिला परिषद की ओर से नरूखेड़ी तक 3.32 किमी लंबी सडक के नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन किया। इस पर 93 लाख रुपये खर्च हुए हैं।

उन्होंने इसी गांव में मंडी बोर्ड की ओर से पिंगली तक 2.53 किमी लंबी संपर्क सडक का उद्घाटन किया। इस पर 116.70 लाख की लागत आई है। दोनों गांवों में हरविंद्र कल्याण का पगड़ी पहनाकर, स्मृति चिह्न व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

हरविंद्र कल्याण ने कहा कि विकास के लिए गांव का माहौल अच्छा होना जरूरी है। ग्रामीण पाटीर्बाजी से दूर रहें। बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें। यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहे। पर्यावरण संतुलन के लिए अधिकाधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल भी करें। उन्होंने कहा कि विकास के कारण ही भावी पीढ़ी का भविष्य उज्जवल होता है। आज जरूरत है बच्चों में मेहनत के संस्कार डालने की, वे अच्छी शिक्षा ग्रहण करें।

उन्होंने कहा कि इस सरकार में पारदर्शिता बढ़ी है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा किए गए व्यवस्था परिवर्तन की बदौलत आज युवाओं को मेरिट पर नौकरी मिल रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी जनहित के कार्यों को गंभीरता से आगे बढ़ा रहे हैं। बाद में पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल के कार्यकाल संबंधी एक सवाल पर उन्होंने कहा कि अक्टूबर में नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 साल पूरे होने जा रहे हैं। पहले गुजरात में मुख्यमंत्री रहते सुशासन की स्थापना की, फिर पीएम पद संभालने के बाद देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। सशक्त नेतृत्व के कारण आज जहां दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है, वहीं संस्कृति भी मजबूत हुई है।

पूरी दुनिया प्रधानमंत्री के नेतृत्व का लोहा मानती है। सभी मिलकर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं।

गांव पिंगड़ी में जिला भाजपा महामंत्री सुभाष कश्यप, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, जिला पार्षद पाला राम, ब्लाक समिति चेयरमैन सतीश, बीडीपीओ सार्थक, घोघड़ीपुर में सरपंच संगीता, अशोक, कमलेश मान आदि मौजूद रहे।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर सम्मानित होंगे सिसाना के दंपति आशीष व पारुल दहिया

**सम्मान**

**यह सम्मान समारोह हैबिटेट क्लब, सोनीपत में आयोजित किया जाएगा।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून के अवसर पर जिला प्रशासन सोनीपत द्वारा सिसाना निवासी दंपति आशीष दहिया और पारुल दहिया को रक्तदान, समाजसेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह हैबिटेट क्लब, सोनीपत में आयोजित किया जाएगा। दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच में कार्यरत आशीष दहिया अब तक 170 बार स्वैच्छिक रक्तदान कर चुके हैं। वही उनकी पत्नी पारुल दहिया भी समाजसेवा में पीछे नहीं हैं और 18 बार रक्तदान कर चुकी हैं। दोनों ने मिलकर 250 से अधिक



रक्तदान शिविरों के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिनके माध्यम से हजारों जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया गया है। रक्तदान के क्षेत्र में उनके योगदान के साथ-साथ यह दंपति पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता, योग प्रचार, पौधारोपण और केशदान जैसे कार्यों में भी सक्रिय रूप से जुटा हुआ है। कोरोना काल हो या अन्य कोई आपदा, दोनों ने हमेशा आगे आकर लोगों की मदद की है। समाजसेवा के प्रति उनकी निस्वार्थ भावना ने क्षेत्र में युवाओं को भी प्रेरित किया है। इसके अलावा आशीष और पारुल दहिया ने मृत्यु उपरांत अंगदान और देहदान का भी संकल्प लिया है। उनका मानना है कि शरीर के जाने के बाद भी अगर कोई अंग किसी की जान बचा सके तो इससे बड़ी सेवा और कुछ नहीं हो सकती। जिला प्रशासन का कहना है कि ऐसे प्रेरणादायक नागरिक समाज के लिए मिसाल हैं।

विश्व रक्तदाता दिवस पर उनका सम्मान उन सभी लोगों के लिए प्रेरणा बनेगा जो निस्वार्थ भाव से समाजसेवा में लगे हुए हैं। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ अधिकारी, समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहेंगे।

# पाकिस्तान स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन से वंचित किए जाने पर शिरोमणि अकाली दल ने सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**

यमुनानगर, 12 जून। श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर पाकिस्तान स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन के लिए जाने वाले हरियाणा के सिख श्रद्धालुओं को प्रशासनिक लापरवाही के चलते यात्रा से वंचित किए जाने के विरोध में शिरोमणि अकाली दल हरियाणा ने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा।

जिला यमुनानगर के प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि जिन श्रद्धालुओं ने पाकिस्तान यात्रा के लिए सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली थीं, उन्हें संबंधित अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता के कारण वीजा एवं यात्रा प्रक्रिया में परेशानी का सामना करना पड़ा,



जिससे वे ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन नहीं कर सके। इस घटना से सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर उनके खिलाफ कानूनी व विभागीय कार्रवाई की जाए। साथ ही सरकार यह सुनिश्चित करे कि भविष्य में धार्मिक यात्राओं से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं समयबद्ध, पारदर्शी और सुचारु रूप से पूरी हों ताकि किसी भी श्रद्धालु को ऐसी परेशानी का सामना न करना पड़े। अकाली दल नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में सिख श्रद्धालुओं के धार्मिक अधिकारों की अनदेखी की गई तो पार्टी जिला स्तर से लेकर चंडीगढ़ तक व्यापक आंदोलन और विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान बलदेव सिंह कैम्पर, जसप्रीत सिंह बलौली, बलजीत सिंह काला, गुरप्रीत बाजवा, छबील सिंह, जसपाल सिंह, गुरजिंद सिंह, मलकीत सिंह, नैब सिंह सहित पार्टी के जिला एवं स्थानीय पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में सिख संगत के सदस्य मौजूद रहे।

# घर में घुसकर विवाहिता से छेड़छाड़,शोर मचाने पर पहुंचे सास-ससुर

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** जिला के कुंजपुरा थाना के एक गांव में एक व्यक्ति द्वारा एक महिला के साथ देर रात घर में घुसकर छेडखानी करने का मामला सामने आया है। घटना के समय महिला घर में अकेली थी और उसका पति बाहर गया हुआ था। महिला के शोर मचाने पर सास-ससुर मौके पर पहुंचे, तो आरोपी फरार हो गया। जाते समय आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। आरोप किसी और पर नहीं, बल्कि महिला ने अपने ही जेठ पर लगाए है।

पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत कुंजपुरा पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 9 जून की रात करीब साढ़े 11 बजे वह अपने कमरे में सो रही थी। उसी दौरान उसका जेठ कमरे में घुस आया और उसकी इज्जत पर हाथ डाला।

# संगठनात्मक दृष्टि से मजबूती को लेकर जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में सेक्टर-9 स्थित कर्ण कमल भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं ज्येष्ठ व श्रेष्ठ कार्यकताओं के साथ आगामी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने तथा उन्हें सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

पार्टी की इस संगठनात्मक बैठक में कार्यकताओं से पार्टी की रीति-नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक



पहुंचाने का आह्वान किया गया। बैठक के दौरान जिला प्रभारी एवं चेयरमैन भारत भूषण जुयाल तथा अन्य सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी कार्यकताओं ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए तथा संगठन को मजबूत बनाने हेतु पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों की इस बैठक में संगठन की मजबूती सहित आगामी रणनीतियों तथा बूथ स्तर पर पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

**न्यूज फ्लैश**

## यमुनानगर में 5 साल से बंद मुख्य नाला खुला, जलभराव से मिलेगी राहत

**नितिन सिंगला जगाधरी**

**यमुनानगर, 12 जून।** आगामी मानसून को देखते हुए नगर निगम ने शहर में जलनिकासी व्यवस्था दुरुस्त करने की कार्रवाई तेज कर दी है। मेयर सुमन बहमनी और नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों के बाद निगम की टीम ने जगाधरी बस स्टैंड के पास पिछले पांच वर्षों से अवैध कब्जे और अतिक्रमण के कारण बंद पड़े एक मुख्य नाले को खुलवाकर उसकी सफाई कराई।

अभियंता शाखा और सफाई शाखा की संयुक्त टीम ने जेसीबी मशीनों की मदद से करीब 500 मीटर लंबे नाले को कब्जा मुक्त कराया। इसके बाद नाले में जमा गाद, मिट्टी और कचरे को हटाकर जलनिकासी को सुचारू बनाया गया। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों और रेहड़ी संचालकों द्वारा किए गए अतिक्रमण को भी हटाया गया।

**तीन प्रमुख क्षेत्रों को मिलेगा लाभ**

नाले के बंद होने से बरसात के दौरान जगाधरी बस स्टैंड चौक और आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की समस्या बनी रहती थी। अब नाले के खुलने से डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक (बस स्टैंड चौक), वाल्मीकि बस्ती और अशोक विहार कॉलोनी के हजारों निवासियों को राहत मिलने की उम्मीद है। निगम अधिकारियों के अनुसार आगामी बारिश में इन क्षेत्रों का पानी बिना किसी रुकावट के आसानी से निकल सकेगा।

**निरीक्षण के बाद हुई कार्रवाई**

बुधवार को मेयर सुमन बहमनी और निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने शहर के विभिन्न प्रमुख नालों और जलनिकासी स्थलों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान अशोक विहार और जगाधरी बस स्टैंड क्षेत्र में नालों पर भारी अतिक्रमण पाया गया। अधिकारियों को जानकारी मिली कि बस स्टैंड के पास का मुख्य नाला पिछले पांच वर्षों से बंद पड़ा है, जिसके बाद निगमायुक्त ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

**कचरा नालों में न डालने की अपील**

नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि जनहित और शहर के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार का अवरोध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को पूरे निगम क्षेत्र में नालों पर किए गए अवैध कब्जों और अवरोधकों को हटाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि नालों और नालियों में पॉलीथिन, प्लास्टिक, कपड़े या अन्य ठोस कचरा न फेंका जाए। इससे जलनिकासी बाधित होती है और बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है।

## पश्चिमी यमुना नहर से मिला व्यक्ति का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल**। जिले में पश्चिमी यमुना नहर से एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव गली.सड़ी हालत में मिला, जिससे यह कई दिन पुराना बताया जा रहा है। नहर में बहते शव को स्थानीय लोगों ने देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर की मदद से शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए मोच्युर्री हाउस भिजवा दिया। शुक्रवार को कैथल पुल के पास नहर में बहते शव को देखकर लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। रामनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोर प्रगट सिंह को बुलाया गया। प्रगट सिंह ने रस्सों के सहारे शव को किनारे तक लाकर बाहर निकाला। शव की हालत काफी खराब थी, जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है।

पुलिस ने मौके पर ही शव के कपड़ों की तलाशी ली, लेकिन कोई पहचान पत्र या दस्तावेज नहीं मिला। इसके चलते मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने अब शव की तस्वीर अलग-अलग थानों में भेजकर पहचान कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# 15 जून से घर-घर सर्वे करेंगे बीएलओ, 22 सितम्बर को प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** शहर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा अपात्र नामों को हटाकर मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना है। पंचायत भवन सभागार में आयोजित बैठक में एसडीएम ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। चुनाव तहसीलदार गुलशन शर्मा ने भी कार्यक्रम के विभिन्न चरणों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2026 को अर्हता तिथि



मानते हुए 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर सर्वे करेंगे और मतदाताओं को एन्यूमरेशन फार्म उपलब्ध करवाएंगे।एसडीएम ने बताया कि मतदाता सूचियों का प्रारंभिक प्रकाशन 21 जुलाई को होगा, जबकि दावे एवं आपत्तियां 20 अगस्त तक स्वीकार की जाएंगी। इनके निपटान के बाद अंतिम मतदाता सूची 22 सितम्बर 2026 को प्रकाशित की जाएगी। उन्होंने राजनीतिक दलों से अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-2) शीघ्र नियुक्त करने तथा पुनरीक्षण कार्य में सहयोग देने की अपील की।

# मानसून से पहले प्रशासन अलर्ट, विकास कार्यों की भी हुई समीक्षा

**निर्देश**

**समीक्षा करते हुए सभी कार्यो को बेहतर समन्वय के साथ तेजी से करने बारे निर्देश दिए।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने लोक निर्माण विश्राम गृह अम्बाला शहर में उपायुक्त अजय सिंह तोमर की अध्यक्षता में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मानसून सीजन के तहत जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों की तथा मुख्यमंत्री की घोषणाओं के तहत नए विकास कार्यों एवं अन्य घोषणाओं की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को बेहतर समन्वय के साथ तेजी से करने बारे निर्देश दिए। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री का यहां



पहुंचने पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। इस मौके पर उनके साथ नगर निगम कमीशनर विरेन्द्र सहरावत, अतिरिक्त उपायुक्त विराट, अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त दीपक सूरा, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल विशेष रूप मौजूद रहे।

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने इस मौके पर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ मानसून सीजन के तहत जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए किए जा रही तैयारियों एवं कार्यों बारे विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विशेषकर नगर निगम, सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, एनएचएआई के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित विभागों द्वारा जो कार्य किए जा रहे हैं उसकी बिंदुवार समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री की घोषणाओं के तहत नए विकास कार्यों के साथ-साथ जो कुछ पुरानी घोषणाएं थी उनकी भी सम्बन्धित विभागों के साथ बिंदुवार समीक्षा करते हुए उन्हें कहा कि यह सभी घोषणाएं एवं कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे हों। यदि किसी कार्य को करने में राज्य स्तर पर या अन्य कोई तकनीकी समस्या है उस बारे उपायुक्त व उनके संज्ञान में लाएं ताकि इन सभी कार्यों को बेहतर समन्वय बनाकर जनता को समर्पित किया जा सके।

इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, अधीक्षक अभियंता भूपेन्द्र सिंह, अधीक्षक अभियंता मुनीष कुमार, डीआरओ राजेश ख्यालिया, कार्यकारी अभियंता रितेश गोयल, कार्यकारी अभियंता कर्णवीर, कार्यकारी अभियंता संदीप कुमार, कार्यकारी अभियंता सुमित मलिक के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित विभगों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# न्यायिक मजिस्ट्रेट उदय प्रताप व एसएमओ डॉ. संदीप अबरोल ने किया पौधारोपण

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री, 12 जून(मैनपाल कश्यप)**

उप-मंडलीय न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं उप-मंडलीय विधिक सेवा समिति इंद्री के अध्यक्ष उदय प्रताप ने कहा कि लोगों को प्रकृति के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृहद पौधारोपण अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देने के लिये सभी विभागों के सहयोग के साथ-साथ शैक्षणिक संस्थानों, ग्राम पंचायतों तथा सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जा रहा है। अभियान के तहत इन्द्री उपमंडल में लगभग 50 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान की कड़ी में आज उपमंडलीय नागरिक



अस्पताल इन्द्री परिसर में उप-मंडलीय न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं उप-मंडलीय विधिक सेवा समिति इंद्री के अध्यक्ष उदय प्रताप व एसएमओ डॉ. संदीप अबरोल के नेतृत्व में द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

उप-मंडलीय न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं उप-मंडलीय विधिक सेवा समिति इंद्री के अध्यक्ष उदय प्रताप ने इस अवसर पर बताया कि पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने और लोगों को प्रकृति के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव के निदेर्शानुसार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून से पौधारोपण अभियान की शुरूआत की गई थी, जो जुलाई माह तक लगातार जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए पौधारोपण सबसे प्रभावी उपायों में से एक है। पौधे न केवल वातावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि मानव जीवन और जैव विविधता के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अभियान के तहत आम, जामुन, अमरूद सहित कई फलदार एवं छायादार व सजावटी पौधे लगाए जा रहे हैं। इन पौधों से भविष्य में हरियाली बढ़ेगी, पर्यावरण संतुलित रहेगा और लोगों को स्वच्छ एवं शुद्ध वायु प्राप्त होगी। उन्होंने आमजन से भी अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की।

एसएमओ डॉ. संदीप अबरोल ने कहा कि पौधारोपण केवल एक अभियान नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी और भावी पीढि ?ों के प्रति हमारा कर्तव्य है। पौधे न केवल पर्यावरण को शुद्ध करते हैं बल्कि मिट्टी, जल, जैव विविधता एवं जीवन के संतुलन को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमारी संस्कृति में भी वृक्षों को पूजनीय माना गया है। पौधे लगाना प्रकृति की सेवा और मानवता के कल्याण का कार्य है। उन्होंने सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

# शाहाबाद की बेटी मनप्रीत कौर ने कथक डांस में जीता नेशनल गोल्ड मेडल, विधायक ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**शाहाबाद (प्रदीप कुमार)** निवासी मनप्रीत कौर ने कथक डांस प्रतियोगिता में नेशनल स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर विधायक रामकरण काला ने मनप्रीत कौर को सम्मानित किया व उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

विधायक रामकरण काला ने कहा कि शाहाबाद की बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शहर व प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। मनप्रीत की यह उपलब्धि अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से हर मुकाम हासिल किया



जा सकता है। मनप्रीत कौर ने बताया कि कथक डांस में गोल्ड मेडल जीतने के बाद अब उनका लक्ष्य इंटरनेशनल स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेकर गोल्ड मेडल जीतना है।

उन्होंने दृढ़ संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि वह और अधिक मेहनत कर देश व शाहाबाद का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगी।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने मनप्रीत कौर की उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए उसे शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर कांग्रेस के विधायक रामकरण काला, रिंकू कठुआ,मनजीत सिंह, तेजपाल, आदि लोग मौजूद रहे

# हर शहर-गांव को ग्रीन मोबिलिटी इलेक्ट्रिक सेवा से जोड़ेंगे: मुख्यमंत्री योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को ग्रीन मोबिलिटी व सस्टेनेबल डेवलपमेंट का विजन दिया है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार आने वाले समय में हर शहर-गांव को पेट्रोल-डीजल मुक्त ग्रीन मोबिलिटी इलेक्ट्रिक सेवा से जोड़ेगी। हर व्यक्ति को बेहतर, आरामदायक व पर्यावरण अनुकूल परिवहन सेवा मिलने पर जोर देते हुए सीएम ने कहा कि प्रदेश में परिवहन विभाग का बेड़ा बड़ा हो रहा है, उनके कार्य भी बड़े दिखने चाहिए। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यीडा क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट तक संचालित होने वाली उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की 45 इलेक्ट्रिक बसों व 3 हाइड्रोजन बसों को लखनऊ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये फ्लैग ऑफ किया। उन्होंने



इस अवसर पर नोएडा इलेक्ट्रिक बस डिपो का भी शुभारंभ किया।

**15 जून से संचालित होने जा रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट**

अपने संबोधन में मुख्यमंत्रीने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन के साथ-साथ पश्चिम एशिया में चल रहे गतिरोध बड़ी चुनौतियां हैं। इनके कारण दुनिया वायु प्रदूषण, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, ओलावृष्टि का सामना कर रही है। दुनिया पर थोपे गए युद्धों की कीमत पूरी मानवता चुका रही है। पीएम के विजन को धरातल पर उतारने के लिए 15 जून से भारत के सबसे बड़े हवाई अड्डे (नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट) का संचालन प्रारंभ होने जा रहा है। देश के सबसे बड़े आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक हब तथा सुचारु वायुसेवा की दृष्टि से यात्रियों, नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तीनों अर्थॉरिटी (नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यीडा) ने परिवहन निगम के माध्यम से यह सेवा प्रारंभ की है। यह नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है।

**बड़े औद्योगिक केंद्र के रूप में उभरे नोएडा, ग्रेनो व यीडा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना अथॉरिटी आईटी-इलेक्ट्रॉनिक्स, डेटा सेंटर, स्टार्टअप्स, सेमीकंडक्टर समेत अन्य औद्योगिक गतिविधियों के बड़े केंद्र के रूप में उभरी हैं। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियों को

**मोबिलिटी**

□ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को ग्रीन मोबिलिटी व सस्टेनेबल डेवलपमेंट का विजन दिया है

वहां लाने के साथ ही पर्यावरण अनुकूल परिवहन समय की मांग है।

वहां कुछ क्षेत्रों में मेट्रो का संचालन भी हो रहा है, लेकिन लास्ट माइल कनेक्टिविटी की दृष्टि से इलेक्ट्रिक बस का संचालन मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। 15 जून तक तीनों अथॉरिटी द्वारा 110 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन प्रारंभ होगा। मांग के अनुरूप इसमें क्रमिक बढ़ोतरी कर 500 बसों का संचालन भी तीनों अथॉरिटी के माध्यम से किया जाएगा।

# तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टिकरण है मोदी सरकार की नीति: पुष्कर सिंह धामी

**सकारात्मक**

□ केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में बदलाव लाया



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कहा कि मोदी सरकार की नीति तुष्टिकरण नहीं, बल्कि संतुष्टिकरण की रही है। पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को कहा कि आज देश 88 से 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है, जबकि 11 करोड़ से अधिक महिलाओं को उज्ज्वला योजना का लाभ मिला है। जनधन योजना, आयुष्मान भारत और अन्य कल्याणकारी योजनाओं ने आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाया है। उन्होंने कहा कि दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में भी घर-घर पेयजल पहुंचाने का कार्य किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से हर नागरिक को पांच लाख रुपये तक के मुफ्त उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के वीर सैनिकों ने हर युद्ध में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और नया भारत हर चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले देश में प्रतिदिन लगभग 11 किलोमीटर सड़क निर्माण होता था, जो अब बढ़कर 34 किलोमीटर प्रतिदिन हो गया है। भारत आज घरेलू विमानन के क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल हो चुका है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 की आपदा के बाद केदारनाथ धाम पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में आज केदारनाथ दिव्य और भव्य स्वरूप में विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने माणा को देश का अंतिम गांव नहीं, बल्कि पहला गांव घोषित कर सीमांत क्षेत्रों के विकास को नई दिशा दी है।

# भारत आदिवासी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने की राज्यपाल से मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया**

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को भारत आदिवासी पार्टी के पश्चिमी सिंहभूम जिला अध्यक्ष सुशील बाड़ला के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने रांची स्थित लोक भवन में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा और आवश्यक हस्तक्षेप की मांग की। शिष्टमंडल ने पश्चिमी सिंहभूम जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी), चाईबासा के कार्यों में कथित अनियमितताओं का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए उपलब्ध कराई गई बड़ी राशि के बावजूद स्थानीय लोगों को योजनाओं का अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा

**ज्ञापन सौंपा**

□ प्रतिनिधिमंडल ने जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

है। प्रतिनिधिमंडल ने मामले की उच्चस्तरीय जांच झारखंड उच्च न्यायालय की निगरानी में कराने की पहल करने का अनुरोध किया। ज्ञापन में कहा गया है कि संविधान की पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत अधिसूचित और खनिज संपदा से समृद्ध पश्चिमी सिंहभूम जिले में डीएमएफटी के पास पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध हैं। इसके बावजूद कई खनन प्रभावित क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और अन्य बुनियादी सुविधाओं की स्थिति अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच सकी है।

# दीक्षांत समारोह के साथ संपन्न हुआ नवीन आचार्य एवं सेवा स्थायित्व प्रशिक्षण वर्ग

**टीम एक्शन इंडिया**

**भागलपुर।** गणपतराय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर, सैनिक स्कूल, नरगा कोठी, भागलपुर में आयोजित नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग एवं सेवा स्थायित्व प्रशिक्षण वर्ग शुक्रवार को दीक्षांत समारोह के साथ संपन्न हुआ। इसके पूर्व समारोह का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष डॉ. कौशलेन्द्र प्रसाद, भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति बिहार के प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा, वर्ग के प्रधानाचार्य सतीश कुमार सिंह, उप प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार, गयाजी विभाग निरीक्षक उमाशंकर पोद्दार,



रोहतास विभाग निरीक्षक धरणीकांत पाण्डेय तथा बांका विभाग के विभाग निरीक्षक ब्रह्मदेव प्रसाद द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ प्रारंभ हुआ। अतिथि परिचय एवं सम्मान का कार्य धरणीकांत पांडेय ने किया।

तत्पश्चात वर्ग के प्रधानाचार्य सतीश कुमार सिंह ने सभी प्रशिक्षु आचार्यों को दीक्षा दिलाई। वृत कथन प्रस्तुत करते हुए गयाजी विभाग के विभाग निरीक्षक उमाशंकर पोद्दार ने 20 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग की गतिविधियों,

**दीक्षांत समारोह**

□ सभी के सहयोग एवं समर्पण से यह प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है

विभिन्न सत्रों तथा उपस्थित अधिकारियों एवं आचार्यों की जानकारी दी। मंच संचालन करते हुए ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि सभी के सहयोग एवं समर्पण से यह प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। लालबाबू प्रसाद ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर जब आचार्य अपने-अपने कार्यक्षेत्र में जाएंगे, तब इस प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभव और ज्ञान उन्हें प्रत्येक कदम पर मार्गदर्शन प्रदान करेगा। इस अवसर पर प्रशिक्षु आचार्यों द्वारा तैयार हस्तलिखित पत्रिका का विमोचन भी अतिथियों के कर कमलों से किया गया। अनुभव कथन में प्रशिक्षु आचार्यों ने कहा कि प्रारंभ में वर्ग की दिनचर्या और अनुशासन कठिन प्रतीत हो रहा था, किन्तु प्रधानाचार्य एवं सहयोगी आचार्यों के सतत मार्गदर्शन और आत्मीय सहयोग से यह 20 दिवसीय प्रशिक्षण कब पूर्ण हो गया, इसका अनुभव ही नहीं हुआ। उन्होंने प्रशिक्षण में प्राप्त शिक्षाओं को जीवन एवं कार्यक्षेत्र में उतारने का संकल्प व्यक्त किया। वर्ग के उप प्रधानाचार्य वीरेन्द्र कुमार ने सभी आगंतुक अतिथियों, अधिकारियों, प्रधानाचार्यों, आचार्यों एवं वर्ग के सफल संचालन में सहयोग करने वाले सभी व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा ने कहा कि दीक्षांत समारोह के उपरांत आप सभी प्रशिक्षु नहीं, बल्कि पूर्ण आचार्य बन चुके हैं। अब आपकी जिम्मेदारी है कि प्रशिक्षण वर्ग में प्राप्त संस्कारों, मूल्यों और ज्ञान को समाज तक पहुंचाएं।

# मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे: रामदास

**जयपुर।** शास्त्री नगर स्थित आनन्दम जन उपयोगी भवन में आरसीएमआईसीसी (रिजर्व कैटेगरी एंड माइनॉरिटी इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज), ओम गोविन्द परमार्थ संस्थान और नबतोरी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रणेता-2026 वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजन सम्मान समारोह में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए आठवले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में



केंद्र सरकार वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों तथा समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की प्राथमिकता योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। अध्यक्ष राधामोहन सैनी के माध्यम से अपनी बात सरकार तक पहुंचा सकता है।

# यूपी बसपा में जबर्दस्त उठापटक, दो नेताओं को किया पार्टी से निष्कासित

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद।** बसपा हर महीने नेताओं को अंदर-बाहर कर रही है। शुक्रवार को दो नेताओं को अनुशासन हीनता एवं पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते निष्कासित कर दिया गया है। बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार जाटव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बसपा सुप्रीमो मायावती के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि शहर विधानसभा सीट पर 2024 में हुए उप चुनाव में बसपा ने पीएन गर्ग को प्रत्याशी घोषित किया गया था। चुनाव लड़े और हार गये। चुनाव हारने के बाद से ही पार्टी विरोधी



गतिविधियों को लेकर उनको नोटिस देकर सुधार करने की चेतावनी दी गई लेकिन उनकी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं हुआ।

**बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का दावा**

पूर्व मंडल प्रभारी रवि जाटव को भी

**एक्शन**

□ शुक्रवार को दो नेताओं को अनुशासन हीनता एवं पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते निष्कासित कर दिया

बसपा से निष्कासित कर दिया गया है। पिछले कुछ महीनों से बसपा बहाली और निष्कासन को लेकर चचाओं में है। पिछले चार महीने में पांच नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाने वाली बसपा बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का दावा कर रही है लेकिन कार्यकताओं के खास जोश नहीं दिख रहा है। विधानसभा चुनाव नजदीक आने पर राजनीतिक उठापठक तेज हो गई है। 17 मार्च को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते मुरादनगर के पूर्व विधायक वहाब चौधरी को निष्कासित करने वाली बसपा ने 28 मई को फिर से पार्टी में वापस ले लिया था। वहाब चौधरी ने 2012 में विधानसभा चुनाव जीता था। 2017 में मोदीनगर से चुनाव लड़े और हार गये। नवंबर 2017 में भी बसपा ने उन्हें पार्टी से निष्कासित किया था।

उनकी पत्नी छम्मी चौधरी नगर पालिका परिषद मुरादनगर की चेयरमैन हैं।

# भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है : शुभेंदु अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि एक समय आधारभूत संरचना विकास के मामले में पिछड़ने वाला भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। उन्होंने इस बदलाव का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के पिछले 12 वर्षों के कार्यकाल को दिया। केंद्र में एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर शुक्रवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने देश में हुए आर्थिक और आधारभूत संरचना विकास का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।



उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देशभर में 1317 नए और आधुनिकीकृत रेलवे स्टेशन विकसित किए गए हैं। इसके अलावा देश के विभिन्न हिस्सों में 164 से अधिक वंदे भारत ट्रेनें संचालित हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय राजधानी एक्सप्रेस और शताब्दी एक्सप्रेस आधुनिक रेल सेवा की पहचान थीं, लेकिन आज वंदे भारत ट्रेनें नए भारत की आकांक्षाओं का प्रतीक बन चुकी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के एक छोर से दूसरे छोर तक की दूरी और यात्रा का समय कम हुआ है, जिससे आर्थिक गतिविधियों की गति भी तेज हुई है। नागरिक

**सघनता**

□ पिछले 12 वर्षों में देशभर में 1317 नए और आधुनिकीकृत रेलवे स्टेशन विकसित किए गए हैं: सीएम

उड्डयन क्षेत्र में हुई प्रगति का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में देश में 74 हवाई अड्डे थे, जबकि आज उनकी संख्या दोगुने से भी अधिक हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि पिछले 12 वर्षों में देश में 90 से अधिक नए हवाई अड्डों का निर्माण किया गया है। सड़क और परिवहन क्षेत्र का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अवधि में लगभग चार लाख किलोमीटर सड़कों का निर्माण हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार किया गया है तथा सीमावर्ती और दूरदराज के क्षेत्रों में संपर्क व्यवस्था को मजबूत किया गया है। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों ने देश की आर्थिक संरचना को सकारात्मक रूप से बदल दिया है। विकास अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं है, बल्कि गांवों और दूरस्थ क्षेत्रों तक भी पहुंच चुका है। पश्चिम बंगाल के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में नई सरकार के गठन के मात्र एक महीने के भीतर केंद्र और राज्य सरकार के बीच बेहतर समन्वय के कारण विकास कार्यों में तेजी आई है।

# राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शुक्रवार को लोकभवन में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने मुलाकात की। राज्यपाल बागडे और आचार्य देवव्रत की यह शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान दोनों ने राष्ट्र विकास से जुड़े मुद्दों के साथ प्राकृतिक खेती के लिए किए जा रहे कार्यों और इससे जुड़े जागरूकता कार्यों पर संवाद किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी भी उपस्थित रहे। इससे पहले राज्यपाल बागडे ने गुजरात के राज्यपाल का लोकभवन में शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया।



# छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए बिछा रेड कारपेट, 9,580 करोड़ रुपये के मिले प्रस्ताव

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ने निवेश आकर्षित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। हैदराबाद में आयोजित छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की सात प्रमुख कंपनियों ने 9,580 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव दिए हैं, जिनसे 7,800 से अधिक रोजगार सृजित होने की संभावना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने देश के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा विकसित भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में छत्तीसगढ़ तेजी से उभर रहा है और राज्य में निवेशकों के लिए रेड कारपेट बिछा हुआ है।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन सहित दक्षिण भारत के कई बड़े उद्योगपति, निवेशक और कारोबारी प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय ने बताया कि नई औद्योगिक नीति लागू होने के बाद दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु के साथ-साथ जापान और दक्षिण कोरिया में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य को 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। राज्य सरकार इन प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ आज निवेश के लिए देश के सबसे बेहतर राज्यों में से एक बनकर उभर रहा है। राज्य में उद्योगों के लिए



आसान प्रक्रियाएं, सिंगल विंडो व्यवस्था, बेहतर बुनियादी सुविधाएं और उद्योग अनुकूल नीतियां उपलब्ध हैं। उन्होंने निवेशकों को छत्तीसगढ़ में उद्योग स्थापित करने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हैदराबाद ने आईटी, फार्मा, बायोटेक्नोलॉजी और एयरोस्पेस जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय

**उपलब्धि**

□ हैदराबाद के निवेशकों को मुख्यमंत्री साय का निमंत्रण, आईटी, टेक्सटाइल, डेटा सेंटर, फार्मा के क्षेत्र में खुली 7,800 रोजगार की राह

सफलता हासिल की है। छत्तीसगढ़ भी इन क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है और दोनों राज्यों के उद्योगपति एवं उद्यमी मिलकर नए अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मध्य भारत में स्थित छत्तीसगढ़ देश का सबसे उपयुक्त लॉजिस्टिक हब बनने की क्षमता रखता है। छत्तीसगढ़ सात राज्यों से घिरा हुआ है और 60 करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं तक सीधी पहुंच प्रदान करता है। रेलवे नेटवर्क, भारतमाला परियोजना, एयर कार्गो सुविधाओं तथा खनिज संसाधनों की उपलब्धता उद्योगों के लिए इसे अत्यंत अनुकूल बनाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश में ग्रीन स्टील को बढ़ावा देने वाले अग्रणी राज्यों में शामिल है। ऊर्जा क्षेत्र में राज्य को 3.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिससे प्रदेश देश के प्रमुख पावर हब के रूप में उभर रहा है। उन्होंने सात प्रमुख कंपनियों को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए इन्विटेशन टू इन्वेस्ट (ऑफर लेटर) प्रदान किए। इनमें डेटा सेंटर, सीमेंट, सेमीकंडक्टर एवं जीपीयू इंफ्रास्ट्रक्चर, सौर ऊर्जा उपकरण निर्माण, वस्त्र, फार्मास्यूटिकल और डेयरी प्रसंस्करण क्षेत्रों की अग्रणी कंपनियां शामिल हैं।

सबसे बड़ा निवेश प्रस्ताव हाइपरनेक्स्ट डाटा सेंटर लिमिटेड की ओर से प्राप्त हुआ, जिसने छत्तीसगढ़ में भारत का पहला समर्पित डिजास्टर रिकवरी डेटा सेंटर कैंपस स्थापित करने के लिए 4,200 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया। इस परियोजना से राज्य में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिलेगी और छत्तीसगढ़ डेटा सेंटर क्षेत्र का महत्वपूर्ण केंद्र बन सकेगा। इस परियोजना से लगभग 250 रोजगार सृजित होंगे।